mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-151 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
01 जून 2024 शनिवार

दैनिक मीडियाऑडीटर
सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित


विराट कोहली...

# जल संकट को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची दिल्ली सरकार



### याचिका में अपील-हरियाणा, यूपी और हिमाचल प्रदेश को ज्यादा पानी छोड़ने कहें

नई दिल्ली (एजेंसी)। जल संकट से जूझ रही दिल्ली के लिए राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। शुक्रवार को दाखिल की गई याचिका में केजरीवाल सरकार ने अपील की है कि कोर्ट हरियाणा, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश से एक महीने के लिए एक्स्ट्रा पानी देने के लिए निर्देश दे। दिल्ली सरकार ने कहा है कि गर्मी की वजह से शहर में पानी की मांग काफी बढ़ गई है और पड़ोसी राज्यों को एक महीने के लिए और ज्यादा पानी देने का निर्देश दिया जाना चाहिए। राजधानी में पानी की बहुत ज्यादा कमी है और जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा पर



दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं देने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी भाजपा से अपील की है कि वह हरियाणा और उत्तर प्रदेश में अपनी सरकारों से एक महीने के लिए पानी देने के लिए कहे। सीएम केजरीवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि भीषण गर्मी में पानी की डिमांड बहुत बढ़ गई है। जो पानी दिल्ली को पड़ोसी राज्यों से मिलता था, उसमें भी कमी कर दी गई है। यानी सप्लाई कम हो गई है। हम सबको मिलकर इसका निवारण करना है। मैं देख रहा हूं कि बीजेपी के साथी हमारे खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं।

# तूफानी तेजी से बढ़ रही देश की इकोनॉमी

### मार्च तिमाही में 7.8 फीसदी रही जीडीपी ग्रोथ

**नई दिल्ली (एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर आई है। देश की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत रही जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 7 प्रतिशत रही थी। आंकड़ों के मुताबिक, देश की जीडीपी वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में 7.8 प्रतिशत रही जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 6.2 प्रतिशत थी। भारत का ग्रॉस डोमेस्टिक प्रोडक्ट वित्त वर्ष 24 की अंतिम तिमाही में शानदार तेजी से बढ़ा है। चुनाव नतीजों से पहले जीडीपी के आंकड़े जारी हुए हैं। देश की जीडीपी मार्च तिमाही में 7.8 फीसदी की दर से बढ़ी है। अब केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 24 की समग्र विकास दर 8.2 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है।

**संक्षिप्त समाचार**

## ब्रिटेन से वापस लाया गया देश का 100 टन सोना

- 1991 में भुगतान संकट टालने के लिए चन्द्रशेखर सरकार ने रखा था गिरवी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के बीच एक बड़ी खुशखबरी आई है। रिजर्व बैंक आफ इंडिया ने ब्रिटेन से 100 टन से अधिक सोना देश में वापस मंगा लिया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने वापस लाए सोने को अपने भंडार में ट्रांसफर कर दिया है। बता दें कि 1991 में इस सोने को गिरवी रखा गया था और अब आरबीआई ने इसे वापस मंगा कर अपने स्टॉक में रख लिया है। बिजनेस टुडे की रिपोर्ट के अनुसार आरबीआई ने आधे से अधिक सोने का भंडार बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक



ऑफ इंटरनेशनल सेटेलमेंट्स के पास रखे हैं। जबकि इसका एक तिहाई हिस्सा देश में है। रिपोर्ट के अनुसार ब्रिटेन से सोना भारत लाने के कारण आरबीआई को स्टॉक कास्ट बचाने में भी मदद मिलेगी। इसका भुगतान हर साल बैंक ऑफ इंग्लैंड को किया जाता है। आरबीआई के ताजा आंकड़ों के अनुसार 31 मार्च 2024 तक केंद्र सरकार के पास 822.10 टन सोना था। जबकि इसके पिछले साल 794.63 टन सोना था। बता दें कि 1991 में चंद्रशेखर सरकार ने भुगतान संकट टालने के लिए सोने को गिरवी रख दिया था।

## प्रज्वल रेवन्ना की 35 दिन बाद हुई भारत वापसी

- बेंगलुरु एयरपोर्ट पर एसआईटी ने किया अरेस्ट, मां से आज होगी पूछताछ

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक सेक्स स्कैंडल के मुख्य आरोपी सांसद प्रज्वल रेवन्ना 35 दिन बाद गुरुवार रात जर्मनी से भारत पहुंचे। बेंगलुरु के कैम्पेगौड़ा एयरपोर्ट पर फ्लाइट लैंड होने के बाद रात करीब 1 बजे एसआईटी ने उन्हें कस्टडी में ले लिया। प्रज्वल को टीम अपने ऑफिस ले गई, जहां उन्हें रातभर रखा गया। शुक्रवार को पूछताछ से पहले एसआईटी प्रज्वल को बॉरिंग और लेडी कर्जन हॉस्पिटल में मेडिकल के लिए ले गई। वहीं,



उनके वकील अरुण भी एसआईटी ऑफिस में मौजूद रहे। मेडिकल के बाद प्रज्वल को मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया जाएगा। यहां पुलिस उनकी कस्टडी की मांग करेगी। उधर, एसआईटी ने प्रज्वल की मां भवानी रेवन्ना से पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया है। टीम ने ने उन्हें 1 जून को होलेनरसीपुर में अपने घर पर मौजूद रहने कहा है। प्रज्वल हासन लोकसभा सीट से जेडीएस के उम्मीदवार हैं। उनके खिलाफ 3 महिलाओं से यौन उत्पीड़न के 3 मामले दर्ज हैं। वे 26 अप्रैल को वोटिंग के बाद जर्मनी चले गए थे।

# प्रमुख जलाशयों के वाटर लेवल में दिखी बड़ी गिरावट

### देश में भीषण गर्मी के बीच चिंता बढ़ाने वाले आंकड़े

नई दिल्ली (एजेंसी)। भीषण गर्मी के कहर के बीच केंद्रीय जल आयोग के आकड़ों ने चिंता और बढ़ा दी है।

इसके मुताबिक, देश के 150 प्रमुख जलाशयों का जल स्तर 23 फीसदी तक गिर गया है। पिछले साल के स्तर की तुलना में यह 77 फीसदी कम है। बीते हफ्ते इन जलाशयों का स्टोरेज 24 प्रतिशत था।



सीडब्ल्यूसी के मुताबिक, मौजूदा भंडारण पिछले साल के स्तर का महज 77 फीसदी और नॉर्मल स्टोरेज का 94 फीसदी है। आयोग की ओर से बताया गया कि टोटल लाइव स्टोरेज 41.705 बिलियन क्यूबिक मीटर है, जो कुल क्षमता के 23 प्रतिशत के बराबर है। जल आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल तुलना में इस बार गिरावट साफ नजर आ रही है। 2023 में यह आंकड़ा 53.832 बीसीएम और नॉर्मल स्टोरेज 44.511 बीसीएम था।

## उड़ान में 20 घंटे की देरी, एयर इंडिया पर ऐक्शन मोड में सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को जाने वाली एयर इंडिया फ्लाइट को 20 घंटे की देरी होने पर उड्डयन मंत्रालय ने नोटिस जारी किया है। बता दें कि उड़ान में इतनी ज्यादा देर होने पर बहुत सारे यात्री बेहोश हो गए थे। यात्रियों ने बताया था कि विमान में एसी भी नहीं चल रहा था। वहीं बहुत सारे लोगों को एयरोब्रिज में ही अपना सामान रखकर लेटना पड़ गया। लोगों ने बताया कि हालात नरक जैसे हो गए थे। इसके बाद मंत्रालय ऐक्शन मोड में दिख रहा है। एयरलाइन ने बताया था कि संचालन संबंधी समस्या की वजह से उड़ान में इतनी देरी हो गई। इसके पीछे उड़ान की समय सीमा को जिम्मेदार ठहराया गया है। दरअसल पायलट्स एक तय समय के बाद विमान नहीं उड़ा सकते।

## पीएम मोदी के ध्यान के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची तमिलनाडु कांग्रेस

- विवेकानंद रॉक के ध्यानमंडपम से पीएम की तस्वीरें सामने आईं, 1 जून तक यहीं रहेंगे

**कन्याकुमारी (एजेंसी)।** पीएम मोदी का कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान करने का शुक्रवार को दूसरा दिन है। सुबह उनके ध्यान करने की तस्वीरें सामने आई। वे भगवा चोला, हाथ में रुद्राक्ष की माला और माथे पर तिलक लगाए दिखे। उन्होंने सूर्य को अर्घ्य दिया, मंदिर की परिक्रमा की और ध्यान मुद्रा में बैठे। पीएम एक जून सुबह 10 बजे तक विवेकानंद रॉक मेमोरियल में रहेंगे। उधर विपक्ष मोदी के ध्यान को आचार संहिता का उल्लंघन बता रहा है। तमिलनाडु कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि पीएम अपने पद का



दुरुपयोग कर रहे हैं। इसके खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। पीएम गुरुवार शाम को कन्याकुमारी पहुंचे थे। सबसे पहले भगवती देवी अम्मन मंदिर में दर्शन-पूजन किया।


पूजा के दौरान मोदी ने सफेद मुंडु (दक्षिण भारत का एक परिधान) और शॉल पहना था। पुजारियों ने उनसे विशेष आरती कराई।

# प्रचंड गर्मी की 'आग' से झुलस रहा देश

## 79 की मौत

गर्मी ने इस बार तोड़ दिए सारे रिकार्ड, 7 राज्यों में 79 ने गंवाई जान

### बिहार में सबसे ज्यादा 44 लोगों की गई जान, झारखंड में 15 की मौत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के 7 राज्यों में हीटवेव के कारण गुरुवार को 79 लोगों की मौत हुई। इनमें सबसे ज्यादा बिहार में 44 लोगों की जान गई। झारखंड में 15 की मौत हुई। ओडिशा के राउरकेला में 6 घंटे के दौरान 10 लोगों ने दम तोड़ दिया। राजस्थान में 5 लोगों की मौत हुई। छत्तीसगढ़ में 3 और उत्तर प्रदेश-दिल्ली में 1-1 की मौत हुई। मौत के सभी आंकड़े आधिकारिक तौर पर जारी नहीं किए गए हैं। टीम ने ये डेटा खुद जुटाया है। अच्छी खबर यह है कि इन राज्यों में आज से हीटवेव से राहत मिलने की उम्मीद है। बिहार और झारखंड में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। दोनों राज्यों के कई हिस्सों में देर रात गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ शुरू भी हो गई है। आईएमडी ने शुक्रवार (31 मई) के लिए देश में कहीं भी हीटवेव का रेड अलर्ट जारी नहीं किया है। हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ अगले पांच दिन का तापमान मौजूदा तापमान से 2-4 डिग्री कम रह सकता है। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तराखंड के कुछ इलाकों में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और ओडिशा में रात को गर्म मौसम



रहेगा। गुरुवार को हरियाणा के सिरसा में देश में सबसे ज्यादा 49.1 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। बिहार में 9 जिलों में गुरुवार (30 मई) को 44 लोगों की हीटवेव से मौत हुई है।

मौसम विभाग ने शुक्रवार (31 मई) को 16 जिलों में दिन-रात हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। वहीं, 12 जिलों में बारिश की संभावना है।

## काशी में 'स्पेशल-100' ने संभाला पीएम का कैंपेन

- मॉर्जिन का रिकॉर्ड बनाने के लिए शाह ने बनाई रणनीति; योगी ने अकेले 10 सभाएं की

**वाराणसी (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के आखिरी फेज में वाराणसी में 1 जून को वोटिंग है। पीएम मोदी तीसरी बार यहां से प्रत्याशी हैं। उनकी जीत का मॉर्जिन बढ़ाने के लिए भाजपा ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। गुरुवार शाम को चुनाव प्रचार थमने से पहले तक केंद्रीय और राज्यों के मंत्रियों ने यहां गलियों में घूम-घूमकर लोगों से वोट की अपील की। काशी में पीएम के चुनावी मैनेजमेंट के लिए देशभर से भाजपा के स्पेशल-100 की टीम मैदान में उतरी। भाजपा के एक सीनियर नेता ने बताया कि काशी में इस बार रिकॉर्ड मॉर्जिन से जीत पर पार्टी का फोकस है। इसलिए, हर समुदाय, हर जाति, हर



वर्ग के बीच पहुंचा गया है। मकसद एक ही है लोगों को वोट के लिए प्रेरित करना। नामांकन से लेकर प्रचार तक की कमान की रणनीति गृहमंत्री अमित शाह ने बनाई। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस, पीयूष गोयल, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से लेकर हैदराबाद से भाजपा प्रत्याशी माधवी लता, भाजपा के फायर ब्रांड नेता तेजस्वी सूर्या भी वाराणसी पहुंचे।

**पोर्न स्टार केस**

## पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति ट्रम्प सभी 34 मामलों में दोषी करार

- सजा पर सुनवाई 11 जुलाई को, राष्ट्रपति पद पर रहे पहले व्यति जो दोषी पाए गए

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** डोनाल्ड ट्रम्प गुरुवार को किसी अपराध में दोषी पाए जाने वाले पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बन गए। राष्ट्रपति चुनावों के बीच न्यूयॉर्क में लगभग 6 हफ्तों तक चली सुनवाई में उन्हें 34 आरोपों में दोषी करार दिया गया है। भारतीय समयानुसार सुबह 2 बजे कोर्ट ने ट्रम्प के दोषी होने का फरमान सुनाया। ट्रम्प के खिलाफ पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल को पैसे देकर चुप कराने और इलेक्शन कैंपेन के दौरान बिजनेस रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के केस चल रहे थे। यह मामला 2016 में उनके अमेरिका का राष्ट्रपति चुने जाने से पहले का है। इसके खुलासे के बाद पहली बार ऐसा हुआ था जब अमेरिकी इतिहास में पहली बार किसी प्रेसीडेंट पर आपराधिक केस चलाया गया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, कोर्ट ने 6 सप्ताह में 22 गवाहों को सुना। इनमें स्टॉर्मी डेनियल्स भी शामिल थीं। दो दिनों तक विचार-विमर्श के बाद 12 मेंबर की ज्यूरी ने ट्रम्प के दोषी पाए जाने की घोषणा की। डोनाल्ड ट्रम्प को क्या सजा मिलेगी, इस पर अब 11 जुलाई को सुनवाई होगी। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ट्रम्प को सजा सुनाने के वक्त कोर्ट रूम का माहौल काफी संजीदा था। ज्यूरी को फैसला सुनाने के लिए कोर्टरूम के ज्यूरी बॉक्स में बुलाया गया। 7 महीनों में चुपचाप केस को सुन रहे ज्यूर्रस को से पूछा गया कि वो किस नतीजे पर पहुंचे हैं। इसके बाद एक ज्यूरर ने माइक्रोफोन में कहा, दोषी। ये सुनते ही पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी आंखे बंद कीं और ना में सिर हिलाया । ट्रम्प के दोषी पाए जाने का फैसला 2 मिनट तक सुनाया गया। एक सदी पहले यूजीन वी डेब्स एकलौते ऐसे नेता रहे हैं जिन्होंने जेल में रहकर राष्ट्रपति बनने के लिए कैंपेन चलाया था। तब अब तक कोई ऐसा मामला सामने नहीं आया है जिसमें कोई दोषी करार शख्स चुनाव लड़ रहा हो।



## विश्व का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र

### खतरनाक नाला-पहाड़ भी पार किया

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियां ऐसी हैं, जहां मतदान करवाना चुनौती से कम नहीं। राज्य में एक पोलिंग बूथ ऐसा है, जहां हेलीकॉप्टर से पहुंचा जा सकता है। एक मतदान केंद्र में नाव से साढ़े 5 किलोमीटर का सफर कर पोलिंग पार्टी पहुंच पाई हैं। प्रदेश में दर्जनों ऐसे पोलिंग बूथ हैं, जहां पहुंचने के लिए पोलिंग पार्टियों को ऊंचे-ऊंचे पहाड़, खतरनाक नदी-नाले और बर्फ के पहाड़ पार कर पहुंचना पड़ा। यही नहीं, विश्व का सबसे अधिक ऊंचाई पर स्थापित मतदान केंद्र भी हिमाचल के लाहौल-स्पीति जिले में है।

## अंतिम चरण 8 राज्यों की 57 सीटों पर वोटिंग आज

### वाराणसी से पीएम मोदी मैदान में, कंगना, रवि किशन, पवन सिंह समेत 4 ऐटर भी चुनाव लड़ रहे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव-2024 के सातवें और अंतिम फेज में शनिवार (1 जून) को 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 57 सीटों पर वोटिंग होगी। 2019 में इन सीटों में से सबसे ज्यादा भाजपा 25, टीएमसी 9, बीजद 4, जेडीयू और अपना दल (एस) 2-2, जेएमएम महज 1 सीट जीत सकी थी। कांग्रेस को केवल पंजाब की बदौलत 8 सीटों पर जीत मिली थी। इस फेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, 2 केंद्रीय मंत्री आरके सिंह और अनुराग ठाकुर मैदान में हैं। 4 एक्टर-कंगना रनोट, रवि किशन, पवन सिंह, काजल निषाद भी चुनाव लड़ रहे हैं। इनके अलावा ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी, अफजाल अंसारी, विक्रमादित्य सिंह भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक इलेक्शन के सातवें फेज में 904 कैंडीडेट्स चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 809 पुरुष और 95 महिला उम्मीदवार हैं। इस फेज में सबसे अमीर प्रत्याशी बठिंडा, पंजाब से उम्मीदवार हरसिमरत कौर बादल हैं। उनके पास 198 करोड़ रुपए की संपत्ति है। 542 लोकसभा सीटों के लिए छठे फेज तक 485 सीटों पर मतदान हो चुका है। 1 जून को आखिरी 57 सीटों पर वोटिंग होगी। गुजरात में सूरत से भाजपा के उम्मीदवार रहे मुकेश दलाल निर्विरोध चुनाव जीत चुके हैं, इसलिए वोटिंग 542 सीटों पर ही हो रही है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, 199 कैंडीडेट ऐसे हैं, जिन पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। वहीं 155 उम्मीदवार ऐसे भी हैं, जिन पर हत्या के भी मामले हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने अग्निबाण रॉकेट के सफलतापूर्वक लॉन्चिंग पर दी बधाई

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व के प्रथम सिंगल-पीस 3डी सेमी-क्रायोजेनिक इंजन द्वारा संचालित रॉकेट अग्निबाण की अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक लॉन्चिंग पर भारतीय वैज्ञानिकों और देशवासियों को बधाई औ मंगलकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से पूर्णतः स्वदेशी निर्मित उक्त रॉकेट का सफलतापूर्वक परीक्षण नए भारत के निर्माण का प्रतीक है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में अंतरिक्ष विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में इस सफलता से देश गौरवान्वित हुआ है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में यह भारत का महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम है।

### सेना भर्ती के लिये ऑनलाइन परीक्षा परिणाम घोषित

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** सेना भर्ती कार्यालय भोपाल द्वारा भर्ती के लिये ऑनलाइन परीक्षा अप्रैल और मई-2024 में की गई थी। इसमें अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ऑफिस सहायक, अग्निवीर ट्रेड्समेन, अग्निवीर वुमेन पुलिस, सिपाही तकनीकी नर्सिंग, सिपाही तकनीकी सहायक, पशु चिकित्सा, सिपाही फार्मा के परिणाम आ गये हैं। उत्तीण परीक्षार्थी अपना परिणाम सेना भर्ती की साइट पर देख सकते हैं एवं डाउनलोड कर सकते हैं।

### स्वास्थ्य संस्थाओं में होंगे ओरल कैंसर स्क्रीनिंग कैंप

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर 31 मई 2024 को तंबाकू उत्पादों के प्रयोग के प्रति आमजन को हतोत्साहित करने एवं जन जागरूकता के लिए शपथ, हस्ताक्षर अभियान, जागरूकता नाटक मंचन, ओरल कैंसर स्क्रीनिंग शिविर एवं परामर्श सत्रों का आयोजन किया जाएगा। 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय परिसर से दोपहर 12:00 बजे से जागरूकता रैली निकाली जाएगी। साथ ही तंबाखू से होने वाले कैंसर के प्रति जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का मंचन किया जाएगा। इस अवसर पर जयप्रकाश जिला चिकित्सालय में विशेष ओरल कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें ओरल कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की जांच की जाएगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर एवं सिविल बैरसिया में संचालित डेंटल यूनिट में विशेष ओरल कैंसर स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किए गए हैं। सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में ओरल कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों एवं उनकी पहचान की जानकारी के लिए परामर्श सत्रों का आयोजन किया गया है। इस वर्ष यह दिवस बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना के उद्देश्य की पूर्ति हेतु मनाया जा रहा है। जिसमें यह सुनिश्चित किया जाना है कि तंबाकू के सेवन से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करने एवं तंबाकू सेवन से रोकथाम हेतु संबंधित नीतियों का सख्ती से पालन हो। कोटपा एक्ट 2003 के सख्त पालन के लिए 31 मई से 21 जून तक निरीक्षण दल द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की जाएगी।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एयरपोर्ट के स्मोकिंग कियोस्क लाउंज बंद

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** आज विश्व तम्बाकू निषेध दिवस है। इस मौके पर शुक्रवार को राजा भोज विमानतल पर स्थित सभी स्मोकिंग कियोस्क लाउंज बंद रखे गए हैं। एयरपोर्ट पर आने-जाने वाले यात्रियों को भी तंबाकू सेवन से होने वाले खतरों के प्रति आगाह करते हुए कम से कम आज के दिन धूम्रपान नहीं करने का आग्रह किया जा रहा है। स्मोकिंग लाउंज संचालन कंपनी ने भी सिगरेट व अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम-2003 (कोटपा एक्ट) का पालन करते हुए एयरपोर्ट अथारिटी के इस अभियान में सहयोग देते हुए लाउंज बंद रखने की सहमति दी। विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्लूएच लओ द्वारा प्रतिवर्ष 31 मई को नो टोबैको डे यानी विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। एयरपोर्ट अथारिटी के प्रवक्ता सिद्धार्थ यादव ने बताया कि इसी परिप्रेक्ष्य में राजा भोज विमानतल पर भी स्मोकिंग लाउंज संचालन कंपनी द्वारा नो टोबैको डे मनाया गया, जिसकी यात्रियों ने भी सराहना की। इस मौके पर राजा भोज एयरपोर्ट के डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने कहा कि तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन सेहत के लिए अच्छा नहीं है। हम सभी को यह प्रयास करना चाहिए कि सिगरेट, गुटखा समेत सभी तरह के तंबाकू उत्पादों से दूर रहें। गौरतलब है कि भोपाल का राजा भोज एयरपोर्ट यात्री सुविधाओं के मामले में देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुका है। एयरपोर्ट पर कई नवाचार विगत वर्षों में हुए हैं। इसी सिलसिले में यहां पर धूम्रपान करने वाले यात्रियों के लिए स्मोकिंग लाउंज भी बनाया गया है, जिसका संचालन एक प्राइवेट कंपनी करती है।

# लोकसभा चुनाव में लगे नेताओं का परफॉरमेंस रिव्यू करेगी बीजेपी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** 4 जून को लोकसभा चुनाव का रिजल्ट आने के बाद बीजेपी अपने नेताओं, पदाधिकारियों का रिव्यू करेगी। भोपाल में सभी लोकसभा की चुनाव प्रबंधन समितियों और विधानसभाओं की चुनाव प्रबंधन समिति के 38 विभागों की समीक्षा की जाएगी। प्रदेश स्तर पर एमपी की सभी 29 लोकसभा सीटों के लोकसभा प्रभारी, संयोजक, विधायक, चुनाव प्रबंधन से जुड़े नेताओं के काम की समीक्षा की जाएगी। भोपाल में होने वाली रिव्यू मीटिंग में बीजेपी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, सीएम डॉ मोहन यादव, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे।



**विधायक भी टेंशन में:** बीजेपी लोकसभा चुनाव के बाद इस बात की समीक्षा करेगी कि, चुनाव प्रबंधन में किस पदाधिकारी को क्या जवाबदारी दी गई थी और उसे जो टास्क दिए गए हैं वे कितने पूरे हुए हैं। इसके साथ ही यह देखा जाएगा कि किसके इलाके में कितने बूथ पार्टी ने जीते, खासकर विधायकों के क्षेत्र में यह तुलनात्मक रूप से रिपोर्ट बनाकर समीक्षा की जाएगी कि 2023 के विधानसभा चुनाव में कितने बूथ जीते थे और लोकसभा चुनाव में उनमें से कितने बूथों पर हार मिली। यदि विधानसभा सीट पर लीड घटी तो विधायक से संगठन जवाब तलब कर सकता है।

**कायकर्ता को काम देकर लगातार निगरानी करती है भाजपा:** बीजेपी के प्रदेश महामंत्री और विधायक भगवानदास सबनानी कहते हैं भारतीय जनता पार्टी संगठन की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को देती है और उस कार्यकर्ता के काम की लगातार समीक्षा ये काम का हिस्सा है। चाहे लोकसभा का चुनाव हो या विधानसभा का चुनाव हो, छोटे चुनाव हों, या कोई अन्य दायित्व दिया है। तो उस दायित्व की समीक्षा की जाती है। क्योंकि, पार्टी जिस तेजी के साथ आगे बढ़ रही है तो इसमें हर स्तर पर कार्यकर्ता का मूल्यांकन होना और समीक्षा होना, कार्यकर्ताओं की क्षमता को निखरना यह पार्टी के काम का एक हिस्सा है। इसके कारण पार्टी तेजी से आगे बढ़ रही है। सबनानी कहते हैं ये जो लोकसभा के चुनाव हुए हैं इनमें बड़ी सफलता मिलती दिख रही है। और सभी 29 लोकसभा में भाजपा जीतने वाली है। लेकिन हमारा कार्यकर्ता जिस काम के लिए तय किया गया था। उसने अपने काम को जिस खूबसूरती और मेहनत के साथ किया। इसका आंकलन भी पार्टी अपने स्तर पर करेगी।

**अच्छा काम करने वाले वर्कर को आगे बढ़ने के अवसर मिलते हैं :** विधायक सबनानी कहते हैं पार्टी का एक बड़ा सिस्टम है। शक्ति केन्द्र, मंडल स्तर से लेकर जिले के स्तर पर हर कार्यकर्ता के काम का आंकलन लगातार चलता है। उसके हिसाब से ही उसकी जिम्मेदारी तय है। फिर दी गई जिम्मेदारी की समीक्षा करने के बाद कार्यकर्ता का मूल्यांकन किया जाता है। इसी के कारण कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। जो काम हमें मिला उसे हमने समर्पण के साथ किया तो निश्चित तौर पर पार्टी आगे - पीछे फिर विचार करती है। लेकिन, दिए गए काम के प्रति जो लापरवाह रहते हैं। क्योंकि चुनाव किसी भी राजनीतिक दल के लिए कसौटी होता है। उसमें हमारे काम की गुणवत्ता सही नहीं है तो यह बात पार्टी के संज्ञान में आती है। चुनाव में भितरघात करने वालों पर कार्रवाई के सवाल पर भगवानदास सबनानी कहते हैं- पार्टी के विधान में यह उल्लेख है कि जो कार्यकर्ता अलग होकर चुनाव लड़ता है। वह स्वाभाविक रूप से अलग निकल ही जाता है। लेकिन, पार्टी के बाकी तंत्र हैं वहां से सूचना आती है कि, इस कार्यकर्ता ने पार्टी की लाइन के खिलाफ जाकर काम किया। अगर उसके प्रमाण आते हैं तो पार्टी उसके खिलाफ कार्रवाई करती है। और यह लगातार चलता है नगर निगम के चुनाव हुए हों, या उपचुनाव हुए हों, या विधानसभा के चुनाव हुए हों, और इस चुनाव में जिस किसी कार्यकर्ता की शिकायत आई है। और लगता है कि शिकायत करने वाला कार्यकर्ता ने सबूत दिए हैं।

# निजी विद्यालय फीस व अन्य जानकारियाँ 8 जून तक पोर्टल पर अपलोड करें

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सभी निजी विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे स्कूल फीस तथा अन्य विषयों की जानकारी पोर्टल पर आगामी 8 जून तक अपलोड कर दें। शासन द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को 30 जून तक विशेष अभियान चलाकर निजी स्कूलों में अनियमितताओं को चिन्हांकित करने के निर्देश दिये गये हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कलेक्टर्स को दिये गये निर्देशों में कहा गया है कि कतिपय विद्यालयों द्वारा फर्जी व डुप्लीकेट पाठ्य-पुस्तकों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। अभियान में अनियमितताएँ चिन्हित होने पर संबंधित प्रकाशक एवं बुक सेलर्स के विरुद्ध नियमानुरूप कार्यवाही भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। सभी कलेक्टर्स को जांच उपरांत प्रतिवेदन आयुक्त, लोक शिक्षण, म.प्र. को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। कलेक्टर्स को जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि राज्य शासन को कतिपय निजी विद्यालयों द्वारा शासन द्वारा जारी निर्देशों का उल्लंघन कर अनियमितता बरतने की शिकायतें मिल रही हैं। कलेक्टर्स इस अधिनियम के सभी प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करायें। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में निजी विद्यालयों द्वारा फीस में वृद्धि एवं इसके संग्रहण तथा इससे जुड़े अन्य विषयों को रेगुलेट करने के लिये म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम-2017 बनाया गया है। इस अधिनियम के अधीन म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) नियम-2020 में प्रावधानित किया गया है कि राज्य सरकार निजी विद्यालयों की फीस व अन्य विषयों पर निर्णय लेकर फीस विनियमन कर सकेगी।



# बर्फ फैक्ट्री और डिपो का निरीक्षण कर नमूने लिए गए

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** गर्मी के दौरान बर्फ की बढ़ती हुई खपत को दृष्टिगत कलेक्टर भोपाल श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा गोविन्दपुरा तथा सूरजनगर स्थित तीन बर्फ कारखानों का निरीक्षण किया गया। गुरुवार को निरीक्षण के दौरान गोविंदपुरा स्थित एक कारखाने में अखाद्य एवं नीले बर्फ का निर्माण एवं विक्रय होना पाया गया। गोविन्दपुरा स्थित एक अन्य कारखाने में खाद्य बर्फ का निर्माण होना पाये जाने पर गुणवत्ता परीक्षण के लिए बर्फ का नमूना एकत्र किया गया साथ ही व्यवस्थाओं में सुधार के लिए सुधार सूचना-पत्र जारी किया गया। सूरजनगर, भदभदा रोड़ स्थित बर्फ कारखाने में खाद्य बर्फ का निर्माण बिना खाद्य पंजीयन / अनुज्ञप्ति प्राप्त किये होना पाया गया। बिना खाद्य पंजीयन खाद्य कारोबार किया जाना खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 31 (1) के अन्तर्गत प्रकरण माननीय न्याय-निर्णायक अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा । इसी के साथ सब्जी मंडी, अशोका गार्डन, जवाहर चौक तथा बोर्ड ऑफिस तिराहा स्थित तीन बर्फ डिपो में रंगहीन खाद्य बर्फ का विक्रय बिना खाद्य पंजीयन प्राप्त किये होना पाया गया। अभिहित अधिकारी श्री देवेन्द्र कुमार वर्मा के निर्देशानुसार इन प्रतिष्ठानों से संबंधित खाद्य कारोबारियों के विरूद्ध प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है। भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2018 में जारी आदेश के अनुसार अखाद्य बर्फ को विक्रय से पूर्व खाद्य रंग से नीला किया जाना है जिससे उपभोक्ताओं को इसके अखाद्य होने की जानकारी प्राप्त हो। साथ ही रंगहीन खाद्य बर्फ के निर्माण में स्वच्छता संबंधी प्रावधानों का पालन किया जाना है। अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा प्रशासन के द्वारा सभी बर्फ निर्माताओं तथा विक्रेताओं से इस आदेश का पालन करने तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से इस संबंध में सतत निरीक्षण करे, आवश्यकता होने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।



# नर्सों ने किया रैंप वाक, पारंपरिक परिधान में पेश की भारतीय संस्कृति की झलक

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** आप ने अक्सर नर्सों को अस्पतालों या स्वास्थ्य केंद्रों में वाइट एप्रेन में ही देखा होगा, लेकिन शायद ही कभी आपने किसी नर्स को पारंपरिक वेशभूषा धारण किए हो। ट्रेंड नर्सेस एसोसिएशन आफ इंडिया मप्र शाखा द्वारा अंतरराष्ट्रीय नर्सेस माह के अवसर पर गुरुवार को रवींद्र भवन स्थित अंजनी सभागार में रूबरू जेड ट्रेडिशनल रैंप वाक का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश भर की 70 नर्सेस और टीचिंग नर्सेस पहली बार रैंप पर उतरे। खास बात यह रही कि 70 नर्सेस में छह मेल नर्स भी रैंप पर वाक करते नजर आए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भोज मुक्त विवि के कुलपति डा. संजय तिवारी थे। विशेष अतिथि भाषा विशेषज्ञ डा. शमा नियाजी, शिक्षाविद् यास्मीन अलीम एवं प्रेरक वक्ता प्रो. डा. आमिर मेहबूब थे। कार्यक्रम में 16 सेवानिवृत्त नर्सेस का सम्मान किया गया। इस दौरान डा. सुनीता लारेंस एवं डा. जया बिजाय मौजूद रही। इसके अतिरिक्त रील मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें दस चुनी हुई रील्स बनाने वाली संस्थाओं को पुरस्कृत किया गया। ट्रेडिशनल रैंप वाक विनर के साथ आठ अन्य पुरस्कार भी दिए गए।



## नर्सिंग कॉलेज की त्रुटिपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाले 14 राजस्व अधिकारियोंके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** म.प्र. शासन ने नर्सिंग शिक्षण संस्थाओं की त्रुटिपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुतकर्ता राजस्व अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाले 14 राजस्व अधिकारियों को कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर दिये हैं। प्रमुख सचिव राजस्व ने बताया है कि म.प्र. लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन मध्यप्रदेश नर्सिंग शिक्षण संस्थाओं को मान्यता प्रदान करने के संदर्भ में गठित निरीक्षणकर्ता दल के सदस्य के रूप में त्रुटिपूर्ण निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाले 14 अधिकारियों के विरुद्ध लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर राजस्व विभाग द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रारंभ कर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किये गये हैं। त्रुटिपूर्ण निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाले 14 राजस्व अधिकारी श्रीमती पल्लवी पौराणिक तत्कालीन तहसीलदार इंदौर, श्रीमती अंकिता यदुवंशी, तत्कालीन नायब तहसीलदार विदिशा, सुश्री ज्योति ढोके तत्कालीन नायब तहसीलदार जिला नर्मदापुरम् सुश्री रानू माल नायब तहसीलदार अलीराजपुर श्री अनिल बघेल नायब तहसीलदार झाबुआ, श्री सुभाष कुमार सुनेरे तत्कालीन नायब तहसीलदार देवास, श्री जगदीश बिलगावे नायब तहसीलदार जिला बुरहानपुर, श्री यतीश शुक्ला नायब तहसीलदार रीवा, सुश्री छवि पंत तत्कालीन नायब तहसीलदार छिंदवाड़ा, श्री सतेन्द्र सिंह गुर्जर तत्कालीन नायब तहसीलदार जिला धार, श्री रामलाल पगोर नायब तहसीलदार बुरहानपुर, श्री जीतेन्द्र सोलंकी तत्कालीन नायब तहसीलदार झाबुआ, श्री अतुल शर्मा तत्कालीन नायब तहसीलदार सीहोर एवं श्री कृष्णा पटेल तत्कालीन नायब तहसीलदार खरगोन के नाम शामिल हैं।

# 30 प्रतिशत से कम परिणाम देने वाले अतिथि शिक्षक सरकारी स्कूल में नहीं पढ़ा पाएंगे

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** मप्र बोर्ड 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम में 30 प्रतिशत से कम परिणाम देने वाले स्कूलों के शिक्षकों पर कार्रवाई की तैयारी चल रही है। इससे पहले 2022 में लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) ने 30 प्रतिशत से कम परिणाम देने वाले नियमित शिक्षकों की परीक्षा आयोजित कराई थी। इसी को देखते हुए कई जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी (डीइओ) ने कार्रवाई शुरू कर दिया है। इनमें कुछ जिलों में अतिथि शिक्षकों को भी नहीं पढ़ाने के आदेश जारी किए जा रहे हैं। रायसेन, दमोह सहित अन्य जिलों के डीईओ ने आदेश जारी किए थे। स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के लगभग 72 हजार से ज्यादा पद खाली हैं। इन पदों पर हर साल अतिथि शिक्षकों की सेवाएं ली जाती हैं। यह सेवाएं साल में 10 महीने के लिए ली जाती है। डीईओ के जारी निर्देशों में कहा गया है कि गत सत्र में जिस अतिथि शिक्षक के अध्यापन के विषय या कक्षा का परीक्षा परिणाम 30 प्रतिशत से कम रहा है, उन्हें अतिथि शिक्षक के रूप में किसी भी विद्यालय में आमंत्रित नहीं किया जाएगा। यदि पैनल के अनुसार अतिथि शिक्षक आमंत्रित किए जाते हैं, तब भी उसके द्वारा पूर्व शालाओं में किए गए अध्यापन का परीक्षा परिणाम देखा जाए। यदि परीक्षा परिणाम तीस प्रतिशत से कम रहा है तो उन्हें अतिथि शिक्षक के रूप में विद्यालय में आमंत्रित नहीं किया जाए। यदि उक्त शिक्षक के विपरीत स्थिति पाई जाती है, तो संबंधित संकुल प्राचार्य की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

स्कूल शिक्षा विभाग ने तीस फीसदी से कम रिजल्ट देने वाले अतिथि शिक्षकों की जिम्मेदारी तय करते हुए उन्हें किसी भी स्कूलों में दोबारा मौका नहीं दिए जाने का फैसला लिया है। साथ ही 30 प्रतिशत से कम परिणाम देने वाले नियमित शिक्षकों पर भी विभाग कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।



# मृत व्यक्ति का शुक्राणु भी दे सकता है नया जीवन, एम्स भोपाल में हुआ शोध

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** एम्स भोपाल में हुए शोध में यह बात पता चली है कि मृत व्यक्ति के शरीर से अगर शुक्राणु (स्पर्म) निकाल लिया जाए तो वह साढ़े उन्नीस घंटों तक जीवित रह सकता है। इससे कोई महिला मां भी बन सकती है। एम्स भोपाल के फोरेंसिक मेडिसिन और टाक्सिकोलाजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. राघवेंद्र कुमार विदुआ व उनकी टीम ने पोस्टमार्टम शुक्राणु पुनर्प्राप्ति पर अध्ययन किया है। इसमें 125 मृत व्यक्तियों के शरीर से शुक्राणु निकाला गया और उन्हें स्टोर किया गया। इसमें 47.22 प्रतिशत लोगों के शुक्राणु जिंदा पाए गए।

डॉ. राघवेंद्र कुमार ने बताया कि मृत व्यक्तियों पर इस प्रकार का शोध देश में पहली बार एम्स भोपाल में किया गया है। इस शोध को ग्रीस के एथेंस में आयोजित 26वें त्रिवार्षिक इंटरनेशनल एकेडमी आफ लीगल मेडिसिन सम्मेलन में शामिल किया गया। डॉ. कुमार ने बताया कि यह शोध 2022 में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद नई दिल्ली से वित्त पोषण के साथ शुरू किया गया था, जिसमें विशेष रूप से 47.22 प्रतिशत मामलों में जीवित शुक्राणु प्राप्त किए गए, जो आइवीएफ प्रक्रियाओं में उपयोग किए जा सकते हैं। इस नई पद्धति के पेटेंट के लिए आइसीएमआर को आवेदन भेजा जा चुका है और शीघ्र ही पेटेंट मिलने की संभावना भी है।



# कमीशनखोरी की मार झेल रहें अभिभावक, मंहगे दामों में विक रही किताब-यूनिफार्म

## शिकायत दर्ज करायें होगी त्वरित कार्रवाई - जिला शिक्षा अधिकारी

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** दो सप्ताह बाद नये शिक्षा सत्र का आगाज होने जा रहा है। जिसको देखते हुए जिले के कई निजी विद्यालय संचालक अपनी लूट की दुकान संचालित करने की पूरी तैयारी करके बैठै हुए हैं। जहॉ विगत वर्षो की भॉति इस वर्ष भी मनमानी दरों पर विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को कॉपी, किताब, बच्चों की ड्रेस, जूते, स्कूल बैग सहित अन्य सामग्री बढ़े दाम पर मिलेगें। जिले के कई बड़े नाम वाली विद्यालयों में मंहगी शिक्षा की चल रही दुकानो के विषय में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.प्रेमलाल मिश्रा ने चर्चा के दौरान साफतौर पर कहा है कि शासन से जारी दिशा निर्देशो एंव तय नियमों के तहत ही सभी विद्यालय संचालित होगें। यदि किसी विद्यालय संचालक ने जान बूझकर पैरेंट्स को परेशान किया तो विभाग बिना देर किए कार्रवाई करेगा। श्री मिश्रा ने जिले के अभिभावकों से अपील की है कि निजी स्कूलों में हो रहीमनमानी का साथ मत दीजिए, शिकायत कीजिए। डीईओ ने साफ कहा है कि पैरेंट्स को किसी भी स्थिति में परेशान करने वाले स्कूलों को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे में आप जिला शिक्षा विभाग पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराइए।




आपको बताते चलें कि नए शैक्षणिक सत्र के आगाज के साथ ही बाजार क्षेत्र एवं निजी विद्यालयों संचालित दुकानों में किताबों और यूनिफार्म सहित अन्य सामग्रियों में मंहगाई की मार साफ तौर पर दिख रही है। अभिभावकों को कॉपी, किताब, बच्चों की ड्रेस, जूते, स्कूल बैग सहित अन्य बढ़े दाम पर मिल रहे हैं। इस बार कीमत 20 से 25 फीसदी तक बढ़ गई है। अभिभावको को इसके लिए अतिरिक्त एक बच्चे पर 8 से 12 हजार रुपए तक खर्च करना पड़ रहा है। इस तरह का आर्थिक बोझ पड़ रहा है। अभिभावकों ने बताया कि ड्रेस भी लगातार महंगी बिक रही हैं। ड्रेस की दुकान पर आए एक अभिभावक ने बताया कि बच्चे की ड्रेस, जूते और थर्मस, पानी की बोतल के दाम 25 फीसदी महंगे मिल रहे हैं। स्कूलों की ओर से बताई गई दुकानों पर ही यह सामान मिलता है। इस पर कोई अंकुश नहीं लगाया जा रहा है।

**विद्यालय प्रबंधन की कमीशनखोरी अभिभावकों पर पड़ रही भारी** – अभिभावक ने चर्चा के दौरान बताया कि नए शैक्षणिक सत्र वर्ष 2024/25 के तहत अप्रैल माह में बजट के अभाव में खरीददारी नही हो पाई थी आशा थी कि जून माह तक कुछ राहत मिलेगी किन्तु किन्तु मंहगाई की मार आज भी यथावत है। अच्छी शिक्षा और बेहतर व्यवस्था के लिए अभिभावक महंगाई की मार से बेहाल हैं। नए सत्र में कॉपी किताबों के दाम 20 फीसदी तक बढ़ गए हैं। दुकानदार और स्कूल प्रबंधकों के कमीशनखोरी अभिभावकों पर भारी पड़ रही है। यह स्कूल हर साल कोर्स में शामिल किताबें के प्रशासक बदल देते हैं। ताकि अभिभावक पुरानी किताबें न खरीद सकें। शासन के आदेश है कि निजी स्कूलों में एनसीईआरटी की पुस्तकें पाठ्य क्रम में शामिल की जाएंए लेकिन यह नियम प्राइवेट स्कूल में लागू होते नहीं दिखाई दे रहा है। निजी स्कूल संचालक पूरी तरह से मनमानी पर उतारू हैं। नया सत्र प्रारंभ होते ही यूनिफार्म, जूता, मोजा के साथ ही किताबें और पाठ्यक्रम के नाम पर कमीशनखोरी का खेल शुरू हो गया है। सुबह से शाम तक किताब विक्रेताओं के यहां अभिभावकों और बच्चों की भीड़ जुटी है। बेहतर शिक्षा के नाम पर अभिभावकों की जेब खाली कराई जा रही है। हालांकि किताबों पर 10.15 प्रतिशत तक डिस्काउंट देकर अभिभावकों को किताबों की महंगाई के जख्म पर कुछ मरहम लगाने का काम किया जा रहा है। यह डिस्काउंट वह है जो प्रशासकों और स्कूल संचालकों के मनमुताबिक तय किए किताबों का मूल्य पर दुकानदार दे रहे हैं। हकीकत यह है कि स्कूल संचालकों ने कॉपी किताबों के लिए दुकानों से सेटिंग कर रखी है, कुछ स्कूलों में खुद ही संचालक किताबें उपलब्ध करा रहे हैं। यहां वह दुकानों से आने वाले कमीशन का पूरा फायदा उठा रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इन निजी स्कूल संचालकों पर किसी भी तरह का कोई अंकुश नहीं है। अच्छी शिक्षा और व्यवस्था के नाम पर अभिभावकों का शोषण किया जा रहा है। हर वर्ष स्कूल संचालक किताबें बदल रहे हैं। साथ ही इन किताबों के रेट भी खूब बढ़ा रहे हैं।

**कमीशनखोरी की मार झेल रहें अभिभावक** – निजी संचालकों की कमीशनखोरी का खेल सिर्फकिताबों तक ही सीमित नहीं है। ड्रेस, जूते, मोजे, टाई, बेल्ट पर भी कमीशन लिया जा रहा है। पहले ही संचालकों ने दुकान चयनित की हैं, वहीं उनके स्कूल की किताबें मिलेंगी। इसके अलावा अन्य बुक सेलरों पर किताबें नहीं मिल पाएंगी। यहीं से ड्रेस आदि भी खरीदने होंगे। इतना ही नहीं निजी स्कूलों में हर साल किताबें बदली जा रही हैं। जिससे कि बच्चे पुरानी किताबें लेकर पढने न आए। इससे स्कूल संचालकों को कमीशन का नुकसान होगा। ड्रेस भी अधिकांश स्कूल की बदल ही जाती है। उसमें भी दो तरह की ड्रेस चल रही हैं।

**इनका कहना है** – मध्य प्रदेश शासन से जारी नियमावली के तहत ही सभी विद्यालय संचालित होंगी। नियमों की अवहेलना करने वाले किसी भी विद्यालय संचालक को छोड़ा नही जायेगा। यदि किसी अभिभावक के साथ किसी भी प्रकार की लूट की घटना संज्ञान में आती है तो शिकायत मिलने के साथ ही विभाग द्वारा त्वरित रूप से विधिक कार्रवाई की जायेगी।

**डॉ.प्रेमलाल मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी सीधी।**

## नप डभौरा में भर्ती घोटाले की जांच करने भोपाल से आई जांच टीम



**मीडिया ऑडीटर, डभौरा निप्र।** रीवा जिले के नगर परिषद डभौरा के गठन की आड़ में पंचायत के कर्मचारियों के संविलियन मामले में एक बार फिर जांच शुरू हो गई है भोपाल से अधिकारियों का दल आज रीवा पहुंचा है और संयुक्त संचालक कार्यालय नगरीय प्रशासन में संबंधितों के बयान लिए जा रहे हैं। एडिशनल सचिव नगरी प्रशासन शिवराज वर्मा के नेतृत्व में रीवा के संयुक्त संचालक कार्यालय में कार्यवाही शुरू की गई है लेकिन बताया यह जा रहा है कि भर्ती घोटाला मामले से संबंधित अधिकारी और कर्मचारी सूचना के बाद भी मौजूद नहीं हुए।

इस पूरे मामले में तत्कालीन संयुक्त संचालक नगरी प्रशासन रामेश्वर प्रसाद सोनी सहित कई सीएमओ और कर्मचारियों को पहले ही निलंबित किया गया है अब नगरी प्रशासन विभाग ने इस मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि इस पूरे भर्ती घोटाले में अधिकारियों ने बड़े पैमाने पर नियमों के विपरीत काम किया है।

हालांकि यह मामला मुख्यमंत्री के पास तक पहुंचा था डभौरा के आसपास पंचायत में उस दौरान पदस्थ रहे सचिवों द्वारा गलत सूची कर्मचारियों की दी गई थी। भर्ती घोटाले में अधिकारियों के चाहतों के नाम शामिल किए गए थे कई ऐसे लोगों का नाम पंचायत के कर्मचारियों की सूची में जोड़ दिया गया था जिनका पंचायत से कोई लेना-देना भी नहीं था।

संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन रामेश्वर सोनी के पुत्र आशीष सोनी को भी लटियार गांव का ही निवासी और वहां पंचायत में कार्यरत कर्मचारी बताया गया था ऐसे ही 50 के करीब कर्मचारियों की सूची तैयार की गई थी साथ ही 2 करोड़ 5 लाख रुपए का आर्थिक नुकसान इन कर्मचारियों की नियुक्ति की वजह से होने का अनुमान भी लगाया जा रहा है। अब जबकि भ्रष्टाचार की परतों को हटाया जा रहा है तो कई बड़े नाम भी सामने आ रहे हैं हालांकि आज संयुक्त संचालक नगरी प्रशासन कार्यालय में बुलाने के बाद भी संबंधित वहां मौजूद नहीं हुए जिससे यह सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि भर्ती मामले में कितना बड़ा घोटाला है।

## जिले के समस्त थानो में नि:शुल्क प्याऊ की व्यवस्था हुई प्रारंभ

**सीधी निप्र।** पुलिस कप्तान डॉ. रविंद्र वर्मा द्वारा बढ़ते तापमान को दृष्टिगत रखते हुये थानो में आने वाले फरियादियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुये जिले के सभी थाना प्रभारियों को थाने में शीतल एवं शुद्ध जल की उपलब्धता हेतु प्याऊ रखवाने के लिये निर्देशित किया गया। जिस पर जिले के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा थानो में प्याऊ का निर्माण किया जाकर मटके रखे गये है। प्यासे को पानी पिलाना मानव जीवन मे सबके बड़ा पुण्य का कार्य माना जाता है। पुलिस अधीक्षक सीधी एवं समस्त थाना प्रभारियों के पहल से यह शुरुआत की गई है जिसके माध्यम से प्रत्येक थाने पर आम जन हेतु शुद्ध एवं शीतल जल मिल सकेगा। थानो में खुले प्याऊ हेतु प्रत्येक थाने में एक एक कर्मचारी को इन घड़ों में हर दिन साफ पानी भरने हेतु पाबंद किया गया है, ताकि थाने आये किसी फरियादी को पानी के लिए इधर उधर न भटकना पड़े।

## पुलिस कप्तान ने आहूत की मासिक अपराध गोष्ठी, बनाई नई कार्ययोजना

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में जिले की कानून व्यवस्था की स्थिति जानने विगत माह की कार्यवाहियों का जायजा लेने के लिये पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा द्वारा मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक मुख्या. श्रीमती गायत्री तिवारी, एसडीओपी चुरहट एवं प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक अजाक आशुतोष द्विवेदी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुसमी सुश्री रोशनी सिंह ठाकुर एवं समस्त थाना एवं चौकी के प्रभारी तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय का स्टाफमौजूद रहा।



बैठक के प्रारंभ में पुलिस अधीक्षक द्वारा सामान्य निर्देश दिये जाकर अपराधों का तुलनात्मक थानावार अवलोकन किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये जाकर पूर्व के लंबित अपराधों का तथा वर्तमान में पंजीबद्ध हो रहे अपराधों का त्वरित निराकरण कर अपराध निकाल हेतु निर्देशित किया गया। आगामी लोकसभा चुनाव की मतगणना को शांति पूर्वक संपन्न कराने हेतु समस्त अधिकारियो को तैयार रहने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने महिला एवं बच्चों के विरुद्ध घटित अपराधों को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों पर कठोर कार्यवाही करना सुनिश्चित करने की बात कही। महिला संबंधी शिकायत एवं अपराधों में प्रभावी वैधानिक कार्यवाही करें। सीएम हेल्पलाइन में अभी तक हम उत्कृष्टतम स्थान पर रहे है इसलिये सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुये उनका संतुष्टि पूर्वक निराकरण करे। क्षेत्र में चोरी एवं गृहभेदन की शिकायते नही आनी चाहिये इसके लिये सतत क्षेत्र का भ्रमण करते रहे एवं पूर्व से पंजीबंद्ध चोरी के अपराधों में जेल से रिहा चोरी के आरोपियों की पता तलाश कर चोरी की गई संपत्ति का शत प्रतिशत वापस करवाने का प्रयास करें। जिले के किसी भी थाना क्षेत्र में किसी प्रकार के अवैध मादक पदार्थ का भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय न हो इसका विशेष ध्यान रखे, साथ ही अधिकतम अपराधों का निराकरण कर जल्द से जल्द पीड़ित को न्याय दिलाये, आमजन द्वारा की गई शिकायत की जल्द से जल्द जांच कर उचित वैधानिक कार्यवाही कर शिकायतकर्ता को न्याय दिलवाये। गंभीर एवं चिन्हित मामलों में त्वरित एवं प्रभावी विवेचना करें।

खनिज का अवैध खनन एवं परिवहन करने वाले आरोपियों पर कठोर वैधानिक कार्यवाही कर प्रयुक्त वाहनों के राजसात की कार्यवाही करवाएं। गंभीर एवं चिन्हित मामलों में थाना प्रभारी स्वयं रूचि लेकर त्वरित एवं प्रभावी विवेचना कर पीड़ित को न्याय दिलाने का प्रयास करें। गोष्ठी के अंत में पुलिस अधीक्षक द्वारा अच्छा कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी को पुरस्कृत किया जाकर गोष्ठी समाप्त की गई।

## छोलाछाप डॉक्टरो के आगे नतमस्तक हुआ स्वास्थ्य विभाग

### खुलेआम संचालित हो रही अवैध क्लीनिक, नही होती कार्यवाही



**मीडिया ऑडीटर, जवा निप्र।** जिला प्रशासन एवं बीएमओ के सह पर पूरे जिले में इस वक्त कुकुरमुत्ते की तरह गांव गांव में बिना डिग्रीधारी झोलाछाप डाक्टर अवैध क्लीनिक खोल कर मरीजो के साथ लूट कर रहे है। जिसकी आये दिन खबर भी प्रकाशित होती रहती है लेकिन सीएमएचओ रीवा और बीएमओ के कानों में जूं तक नही रेंगती है। और झोलाछाप डाक्टर मनमानी तरीके से मरीजो के जान के साथ खिलबाड़ करते रहते है तथा मोटी रकम भी बसूलते है जिसकी शिकायत पर इस वक्त रीवा जिले में कोई देखने सुनने वाला नही है।

इसी कड़ी में जवा तहसील अंतर्गत जवा मुख्यालय में कई छोटे छोटे क्लिनिक संचालित है पूरे तहसील की बात की जाए तो डभौरा क्षेत्र में दर्जनों अवैध क्लिनिक एवं बिना डिग्री के झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है जिसकी जानकारी जवा बीएमओ ज्ञानेंद्र त्रिपाठी को है लेकिन कभी कार्यवाही व जांच नही की नही की जाती है। जबकि अभी हाल ही में एक निजी हॉस्पिटल में एक महिला की जान चली गयी थी इसके पहले रामबाग में संचालित हॉस्पिटल में एक की जान जा चुकी है लेकिन खानापूर्ति के अलावा कोई कार्यवाही नही की जाती।

## शिक्षक संघ ने ग्रीष्मकालीन अवकाश बढाने की उठाई मांग, सौंपा ज्ञापन

**सीधी निप्र।** इन दिनो लगातार तापमान में हो रही बृद्धि एवं हीटवेव के कारण शिक्षकों के स्वास्थ्य के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मप्र प्रांताध्यक्ष भरत पटेल के निर्देशन में संघ के पदाधिकारी सीएम के नाम मांग पत्र सौंप रहे हैं। जिसमें कहा गया है कि शिक्षकों के ग्रीष्मकालीन अवकाश को 15 जून 2024 तक बृद्धि की जाये। इसी तारतम्य में जिला इकाई द्वारा जिलाध्यक्ष हरीश मिश्र, प्रांतीय उपाध्यक्ष विजय तिवारी, प्रांतीय संगठन मंत्री शिवकरण सिंह, कार्यकारी जिलाध्यक्ष अरुण सिंह, जिला संयोजक डॉ राजेश पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष महेश प्रजापति, दान बहादुर सिंह के नेतृत्व में जिले में गर्मी का तापमान 48 डि.से. से भी ऊपर होने एवं हीटवेव के कारण ग्रीष्मकालीन अवकाश 15 जून 2024 तक बढ़ाए जाने की मांग के संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्टर प्रतिनिधि गोपद बनास तहसीलदार जान्हवी शुक्ला एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ प्रेमलाल मिश्र को सौंपा गया। ज्ञापन कार्यक्रम में जिला, सीधी ब्लाक अध्यक्ष सुखधाम सिंह, रजनीश मिश्रा, ओमप्रकाश मिश्रा सहित कई पदाधिकारी एवं अध्यापक शिक्षक उपस्थित रहें।



## प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय का हुआ अभिनंदन

**सीधी निप्र।** प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय सीधी सुधीर सिंह चौहान के सेवा निवृत्त होने के अवसर पर 31 मई को श्रीराम चरित मानस, शाल श्रीफल एवं माल्यार्पण से आत्मिय स्वागत अभिनंदन किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता उदय कमल मिश्र ने बताया कि प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय चौहान साहब दो वर्ष से अधिक समय तक सीधी में पदस्थ रहते हुए बार एवं बेंच के मध्य समन्वय स्थापित कर न्यायदान में उत्कृष्ट भूमिका का निर्वहन कियें। इस दौरान वे बहुत ही उलझे पारिवारिक प्रकरणों का आपसी सामंजस्य से निराकरण कर दो परिवारों को टुटने से बचाने का भरपूर प्रयास कियें। न्यायाधीश एवं अधिवक्ताओं को चौहान के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का अनुसरण करते हुए ईश्वरीय कार्य को करने में अग्रिम भूमिका निभानी चाहिए।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर में 100 लोगो का किया गया परीक्षण



**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** रीवा जिले के जवा तहसील अंतर्गत सरस्वती ज्ञान मंदिर पटेहरा में मानव साधन विकास एवं सृजन संस्थान भिटौहां द्वारा सदगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के सहयोग से 148वा नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन कराया गया। शिविर मे 100 नेत्र रोगियों का नेत्र परीक्षण किया गया। रोगियों को नि:शुल्क दवा और चश्मा दिया गया तथा 20 मोतियाबिंद के मरीजों को लेंस प्रत्यारोपण हेतु चित्रकूट भेजा गया।

इस अवसर पर मानव साधन विकास एवं सृजन संस्थान के अध्यक्ष व भाजपा नेता सर्जेश पांडेय सहित प्रमुख रूप से रामायण द्विवेदी ओम शांति,शिवाकांत द्विवेदी, प्रमोद द्विवेदी,मनोज द्विवेदी पुरौना, बालेन्द्र दुवे बरूआर, अवध प्रसाद द्विवेदी, महेंद्र पांडेय, समाज सेवी सज्जन तिवारी, उमाकांत द्विवेदी, मुकेश पाठक, कमलाकांत द्विवेदी छोटकउनू, रावेन्द्र पांडेय, लाल जी तिवारी, शिवेन्द्र पांडेय, रामदत्त तिवारी, विधाता गौतम, अशोक गौतम, जी.यम.खांन, सूर्यभान प्रजापति, भूपति प्रजापति, मोतीलाल पाल,सोनू शर्मा, सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के डाक्टर अमित द्विवेदी, गुलाब सिंह, चेतन शुक्ला, मानेन्द्र पटेल, कैलाश जी आदि लोग शिविर आयोजन में शामिल रहे।

## नेतागीरी का धौंस दिखाकर पीढियों से काबिज जमीन में बना दिया तालाब

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** एक तरफ आदिवासी बाहुल्य विधानसभा क्षेत्र को आरक्षित कर आदिवासी वर्ग का विधायक निर्वाचित किया जाता है ताकि आदिवासियों को मुख्य धारा से जोड़ा जाए और उनके मान सम्मान एवं जानमाल की सुरक्षा प्राथमिकता से की जाए लेकिन विधानसभा क्षेत्र धौहनी में दो दशक से विधायक तो आदिवासी वर्ग से जरूर निर्वाचित हो जाते हैं लेकिन विधायक के सागिर्द यकरीबी ही आदिवासी परिवारों को किस तरह प्रताड़ित और परेशान करते हैं जो पीढियों से आवाद आदिवासी परिवारों का आशियाना उजाड़ रहे हैं और विधायक मूकदर्शक बने हुए हैं। जिसका ताजा मामला ग्राम पंचायत क्षेत्र जोबा एवं सिरौला में देखा जा सकता है।



पीड़ित आदिवासी गोपाल कोल की माने तो लगभग 100 वर्षों से से जिस जमीन में वह एवं उसके समुदाय के नानदौआ कोलएमुन्ना कोल एवं एक अगरिया परिवार घर बनाकर खेती करते थे और यही जमीन उनके आजीविका का सहारा था उसी जमीन में स्थानीय विधायक के करीबी नेता लवकेश चतुर्वेदी निवासी ग्राम सिरौला जो ठेकेदार भी हैं उनके द्वारा हम लोगों की जमीन में तालाब बनाया गया है हम लोगों ने आपत्ति किया तो बोले विधायक जी सर्वे कराए हैं और उन्हीं के कहने पर तालाब बन रहा है इसलिए आप लोग कहीं भी जाओगे, कोई सुनवाई नहीं होगी। इस तरह कह कर हम लोगों की आजीविका छीन ली गई है और तालाब बना दिया गया है जबकि नियमानुसार मध्य प्रदेश अथवा वन भूमि में जहां भी आदिवासी परिवार काबिज काश्त हो उसे बेदखल नहीं करना चाहिए बल्कि उसका पट्टा देना चाहिए।

**नहीं मिला लोगों को रोजगार:** गोपाल कोल एवं अन्य ग्रामीणों की माने तो लगभग 33 लाख रुपए का स्टीमेट उक्त तालाब का है जिसमें लगभग 20 लाख रुपए का फर्जी मस्टर रोल भरा जा चुका है जबकि पूरा काम जेसीबी मशीन एवं ट्रैक्टर से कराया गया है ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि रोजगार गारंटी योजना के तहत स्वीकृति तालाब का निर्माण कार्य का उद्देश्य भी लोगों को रोजगार देना था उसकी भी पूर्ति नहीं हो रही है और उसमें भी भारी फर्जी बड़ा किया जा रहा है।

**तालाब में नहीं है लोगों की उपयोगिता:** ग्रामीणों के मुताबिक जिस आरजी में तालाब निर्माण हो रहा है वह ग्राम सिरौला एवं जोबा के मध्य है यानी दोनों ग्रामों की भूमि नवीन तालाब में प्रभावित है लेकिन उपयोगिता ना के बराबर है क्योंकि यहां पर ना तो ग्राम सिरौला की बसाहट है और ना ही ग्राम जोबा की शिवाय प्रभावित कोल परिवारों के। ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि इतनी बड़ी राशि खर्च करके अगर उसकी जनहित में उपयोगिता नगण्य है तो निर्माण कार्य अपने आप औचित्यहीन माना हो जाता है जिसमें फायदा सिर्फ ठेकेदार एवं विभाग को जरूर होगा।

**विभाग पर भी उठ रहे सवाल:** ग्रामीणों की माने तो नवीन तालाब का निर्माण कार्य की एजेंसी आर ई एस विभाग यानी ग्रामीण यांत्रिकी विभाग है जिसे खुद निर्माण कार्य करना चाहिए अथवा ग्राम पंचायत को जिम्मेदारी देना चाहिए लेकिन सभी नियमों को ताक पर रखकर विधायक के करीबी लवकेश चतुर्वेदी को ठेकेदार बनाया गया है जिसमें यही कयास लगाए जा रहे हैं कि विधायक द्वारा विभाग के अधिकारियों पर दवाव बनाया गया होगा तब इतने बड़े निर्माण कार्य का ठेकेदार लवकेश चतुर्वेदी को बनाया गया है चाहे जो हो लेकिन निर्माण कार्य से विधायक के प्रति आदिवासी वर्ग में आक्रोश एवं असंतोष पनप रहा है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है।

**इनका कहना है –**

ग्राम पंचायत सिरौला एवं जोबा में कई प्रभावशाली लोग हैं जो शासकीय जमीन में कब्जा किए हैं वहां तालाब नहीं बनाया गया जबकि हम गरीब आदिवासी भूमिहीन है और हमारे कब्जे की जमीन में तालाब बनाया गया है।

**गोपाल कोल प्रभावित आदिवासी परिवार**

# विचार

## नशे में तबाह होती जिंदगियों को बचाना होगा

बेशक 31 मई 2022 को विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस मनाया जा रहा है मगर ऐसे दिवस को मनाने की उपयोगिता तभी है जब नशे की अंधी गलियों में भटक चुके युवाओं को बाहर निकालना विश्व की हर सरकार का नैतिक एवं प्राथमिक कर्तव्य हो, क्योंकि युवा पीढ़ी नशे की गुलाम हो चुकी है। विश्व की गम्भीर समस्याओं में प्रमुख है तम्बाकू और उससे जुड़े नशीले पदार्थों का उत्पादन, तस्करी और सेवन में निरन्तर वृद्धि होना। नई पीढ़ी इस जाल में बुरी तरह कैद हो चुकी है। आज हर तीसरा व्यक्ति विशेषत: महिलाएं किसी-न-किसी रूप में तम्बाकू की आदी हो चुकी है। बीड़ी-सिगरेट के अलावा तम्बाकू के छोटे-छोटे पाउचों से लेकर तेज मादक पदार्थों, औषधियों तक की सहज उपलब्धता इस आदत को बढ़ाने का प्रमुख कारण है। इस दीवानगी को ओढ़ने के लिए प्रचार माध्यमों ने भी भटकाया है। सरकार की नीतियां भी दोगली है। लेकिन तेलंगाना सरकार ने एक सराहनीय कदम उठाते हुए तंबाकू और निकोटीन युक्त गुटखा व पान मसाला पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है, वह सुखद है। ऐसे गुटखों या पान मसालों के निर्माण, भंडारण, वितरण, परिवहन और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लग गया है। हालांकि, अभी यह पाबंदी एक वर्ष के लिए है, शायद आगे इसकी समीक्षा होगी और उसके बाद राज्य सरकार स्थायी प्रतिबंध का फैसला करेगी। ऐसे निर्णय केन्द्र सरकार एवं विभिन्न प्रांतों की सरकारों को भी लेने चाहिए। क्योंकि एक नशेड़ी पीढ़ी का देश कैसे आदर्श हो सकता है? कैसे स्वस्थ हो सकता है? कैसे प्रगतिशील हो सकता है? इस दुर्व्यसन के आदी लोग सुधरने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में, तेलंगाना में लगा प्रतिबंध कितना कारगर होगा, यह देखने वाली बात है। तेलंगाना अगर अपनी सीमा में प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करे, तो उसके पड़ोसी राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र को भी सहयोग के लिए खड़ा होना पड़ेगा। नशे की गंभीरता एवं विकरालता को देखते हुए साल 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सदस्य देशों ने एक प्रस्ताव पारित किया और हर 31 मई को विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस मनाने का फैसला किया गया। आज छोटे-छोटे बच्चे एवं महिलाएं नशे के आदी हो चुकी हैं। वे ऐसे नशे करती है कि रुह कांपती है। हर साल लाखों लोग नशे के कारण अपना जीवन दांव पर लगा रहे हैं। नशा आज एक फैशन बन चुका है। पूरे विश्व के लोगों को तंबाकू मुक्त और स्वस्थ बनाने के लिये तथा सभी स्वास्थ्य खतरों से बचाने के लिये तंबाकू चबाने या धूम्रपान के द्वारा होने वाले सभी परेशानियों और स्वास्थ्य जटिलताओं से लोगों को आसानी से जागरूक बनाने के लिये इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है। लेकिन यह विडम्बनापूर्ण है कि सरकारों के लिये यह दिवस कोरा आयोजनात्मक है, प्रयोजनात्मक नहीं। क्योंकि सरकार विवेक से नहीं, स्वार्थ से काम ले रही है। शराबबन्दी का नारा देती है, नशे की बुराइयों से लोगों को आगाह भी करती है और शराब, तम्बाकू का उत्पादन भी बढ़ा रही है। राजस्व प्राप्ति के लिए जनता की जिन्दगी से खेलना क्या किसी लोककल्याणकारी सरकार का काम होना चाहिए? भारत में गुटखा सहित धुआं रहित तंबाकू का उपयोग एक खतरनाक कुचलन है, जिससे गंभीर किस्म की बीमारियां होती हैं। विशेष रूप से गुटखा से कैंसर का खतरा होता है और इसी वजह से साल 2002 से ही गुटखा पर नियंत्रण के प्रयास चलते रहे हैं। साल 2012 से भारतीय राज्यों द्वारा प्रतिबंधित होने के बावजूद गुटखा व्यापक रूप से उपयोग में है। गुटखा लॉबी देश भर में बहुत मजबूत है और इससे सरकारों व उनमें शामिल लोगों को गलत ढंग से भारी कमाई होती है। सबसे पहला राज्य मध्य प्रदेश है, जिसने गुटखा पर प्रतिबंध लगाया था, पर क्या वहां सफलता मिली? बिहार, गुजरात जैसे राज्य, जहां कहने को तो शराब प्रतिबंधित है, पर क्या वहां शराब का मिलना बंद हो गया है? ठीक इसी तरह से गुटखा के साथ हुआ है। लगातार चेतावनियों व विज्ञापनों के बावजूद गुटखा या तंबाकू का सेवन घट नहीं रहा है। नशे की संस्कृति युवा पीढ़ी को गुमराह कर रही है। अगर यही प्रवृत्ति रही तो सरकार, सेना और समाज के ऊंचे पदों के लिए शरीर और दिमाग से स्वस्थ व्यक्ति नहीं मिलेंगे। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण हम एक स्वस्थ नहीं, बल्कि बीमार राष्ट्र एवं समाज का ही निर्माण कर रहे हैं।

# आईपीएल के बाद अब टी20 वर्ल्ड कप में बल्ला चलेगा दनादन

आदर्श प्रकाश सिंह

**नए चैम्पियन के साथ ही आईपीएल-17 का समापन हो गया। अब 2 जून से अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप का आगाज होगा। 20 ओवरों के मैच में दनादन चौके व छक्के लगते हैं। तो अब खेल प्रेमियों का एक महीने और मनोरंजन होगा। आईपीएल दो महीने तक चला। विश्व कप का फाइनल 29 जून को ब्रिजटाउन में खेला जाएगा। भारत ने 2007 में धोनी की कप्तानी में पहला टी-20 विश्व कप जीता था। उस टीम में मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा शामिल थे। इसके बाद 17 साल से भारत के हाथ में यह कप नहीं आ पाया है। देखना है कि यह लंबा सूखा 2024 में खत्म हो पाता है या नहीं।**




आईपीएल के विजेता का फैसला 26 मई की रात को हुआ जब कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हरा कर खिताबी जीत हासिल कर ली। यह कोलकाता की तीसरी आईपीएल ट्रॉफी है। इससे पहले 2012 और 2014 में यह टीम चैम्पियन बनी थी। लीग चरण में धुआंधार बल्लेबाजी करने वाले हैदराबाद के बल्लेबाज फाइनल में नाकाम रहे। दरअसल, यह मैच एकतरफा हो गया और फाइनल का रोमांच देखने को नहीं मिला। हैदराबाद की टीम महज 113 रन पर सिमट गई। यह आईपीएल के फाइनल का सबसे कम स्कोर है। हैदराबादी बल्लेबाज पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल पाए। केकेआर ने इस आसान लक्ष्य को 11वें ओवर में ही पूरा कर लिया। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस हैदराबाद के कप्तान थे लेकिन वह अपनी टीम को खिताब नहीं दिला सके। जबकि उनके ही देश के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क कोलकाता की ओर से खेल रहे थे। इस आईपीएल के वह सबसे महंगे खिलाड़ी थे। कोलकाता ने स्टार्क को 24.75 करोड़ में खरीदा था। लीग चरण में उनका प्रदर्शन कोई खास नहीं था लेकिन प्ले ऑफ और फाइनल में उन्होंने कमाल दिखा दिया। स्टार्क ने पहले ही ओवर में अभिषेक शर्मा को आउट करके हैदराबाद को झटका दे दिया। कोलकाता के गेंदबाजों ने विपक्षी टीम को रन नहीं बनाने दिए और नतीजा अपने पक्ष में कर लिया। कप्तान श्रेयस अय्यर का खुद का प्रदर्शन जोरदार नहीं था लेकिन साथी खिलाड़ियों सुनील नारायण, वेंकटेश अय्यर और आन्द्र रसेल की बदौलत वह कोलकाता को विजय दिला गए। कोलकाता की जीत में इसके मेंटर गौतम गंभीर की भूमिका खास रही। वह कोलकाता टीम के कप्तान रह चुके हैं। बीच में दो साल वह लखनऊ से जुड़ गए थे। मगर, वापस कोलकाता को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस कामयाबी के बाद भारतीय टीम के नए कोच के रूप में गंभीर का नाम भी लिया जा रहा है। भारत के दो सीनियर खिलाड़ी विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा के लिए यह आईसीसी का आखिरी विश्व कप हो सकता है। कोहली 35 तो रोहित 37 साल के हैं। इन दोनों के पास टीम इंडिया को आईसीसी ट्रॉफी दिलाने का यह अंतिम मौका हो सकता है। आम तौर पर इस उम्र में खिलाड़ी संन्यास ले लेते हैं। इसलिए उम्मीद की जा रही है कि ये दोनों दिग्गज इस बार भारत को चैम्पियन बनाने के लिए पूरा जोर लगा देंगे। आईपीएल में विराट कोहली अच्छी फार्म में दिखे थे। उन्होंने सर्वाधिक 741 रन बना कर ऑरेंज कैप भी जीती है। हालांकि, वह अपनी बेंगलुरू की टीम को आईपीएल का खिताब नहीं दिला सके। मगर, उनके बल्ले से खूब रन निकले। रोहित मुंबई टीम में थे, उनका प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा। उन्हें हटाकर हार्दिक पांड्या को मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाने से कई तरह के विवाद भी सामने आए। खैर, अब विश्व कप में नई चुनौती है। पांड्या उप कप्तान हैं। आईपीएल में उनका भी प्रदर्शन खराब रहा। यही वजह है कि मुंबई की टीम सबसे आखिरी पायदान पर रही। आईपीएल -2024 को महेन्द्र सिंह धोनी के लिए याद रखा जाएगा। भारत के इस चमकते सितारे ने संभवतरू अपना आखिरी मैच खेल लिया है। आईपीएल के 17 सालों के इतिहास में धोनी ने कोई भी सत्र मिस नहीं किया। वह चेन्नई सुपर किंग्स की जान थे। उनके बिना इस टीम की कल्पना नहीं की जा सकती। मगर, हर खिलाड़ी का एक समय आता है जब उसे अलविदा कहना पड़ता है। 42 साल के धोनी के लिए यह समय आ गया है। हालांकि, अभी यह अटकलें ही हैं क्योंकि धोनी ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। सीएसके के सीईओ ने कहा है कि वह धोनी को 2025 में भी खेलते देखना चाहेंगे। मगर, इस सत्र में दिखा कि देश का यह पूर्व कप्तान थक चुका है। बैटिंग आर्डर में वह काफी नीचे सातवें या आठवें नंबर पर आ रहे थे। इससे यह संकेत मिला कि वह पूरी तरह फिट नहीं हैं। यही नहीं, उन्होंने इस सत्र में कप्तानी का भार युवा रुतुराज गायकवाड़ को सौंप दिया था ताकि उनकी निगरानी में चेन्नई को नया कप्तान मिल सके। हालांकि, उनकी टीम प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकी लेकिन सभी ने धोनी को आखिरी बार मैदान पर बल्लेबाजी करते हुए देखा। यह बड़ा भावुक पल था। बेंगलुरू टीम के विकेटकीपर दिनेश कार्तिक का यह आखिरी आईपीएल था। 22 मई को राजस्थान रायल्स के खिलाफ उन्होंने एलिमिनेटर मैच खेलने के बाद संन्यास का ऐलान कर दिया। धोनी की तरह वह भी 17 साल पहले आईपीएल के प्रारंभ से ही खेल रहे थे। 38 वर्षीय कार्तिक को अपने करियर के अंत में एक फिनिशर के रूप में जबरदस्त सफलता मिली। उन्होंने भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 वनडे और 60 टी-20 मैच खेले। दरअसल, धोनी के कारण उन्हें भारतीय टीम की तरफ से खेलने के मौके कम मिले। बतौर विकेटकीपर धोनी पहली पसंद थे। आईपीएल में उन्होंने छह टीमों का प्रतिनिधित्व किया और 5 हजार से अधिक रन बनाए। वह एक सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान भी रहे। तमिलनाडु के इस खिलाड़ी का कॅरियर 20 साल तक रहा। पिछले टी-20 विश्व कप में कार्तिक भारतीय टीम में शामिल थे। इस बार उनका चयन नहीं हुआ। इस बार के आईपीएल में कुछ नए युवाओं ने अपने खेल से मन मोह लिया है। इसमें दो नाम प्रमुखता से लिये जा सकते हैं। राजस्थान रायल्स के रियान पराग और हैदराबाद टीम के अभिषेक शर्मा ने बेहतर प्रदर्शन किया है। पराग ने राजस्थान को प्ले ऑफ तक पहुंचाने में काफी मदद की। उसके बल्ले से कुल 573 रन बने। इस प्रदर्शन के बाद उसका भी भारतीय टीम में आने का दावा मजबूत हो गया है। बाएं हाथ के बैटर अभिषेक ने हैदराबाद के लिए एक ओपनर की भूमिका निभाई। एक स्पिन गेंदबाज के रूप में भी योगदान दिया। घरेलू क्रिकेट में वह पंजाब की ओर से खेलते हैं। 24 मई को दूसरे क्वालीफायर में उसने रन तो केवल 12 बनाए लेकिन दो विकेट चटका कर राजस्थान की कमर तोड़ दी। इसमें एक विकेट तो कप्तान संजू सैमसन का था।

## 'ई.वी.एम.' किसकी सरकार बनाएगी


रजनीश कपूर

2024 के लोकसभा चुनाव अपने अंतिम चरण तक पहुंच गए हैं। आने वाले दिनों में सभी को चुनावी एग्जिट पोल और 4 जून का बेसब्री से इंतजार रहेगा। सभी यह देखना चाहेंगे कि विवादों में घिरी 'ई.वी.एम.' किसकी सरकार बनाएगी? हर राजनीतिक दल बड़े-बड़े दावे कर रहा है कि उसका दल या उसके समर्थन वाला समूह सरकार बनाने जा रहा है। ऐसे में यह भी देखना जरूरी है कि केंद्रीय चुनाव आयोग जिसकी कार्यशैली पर कई सवाल उठे, वह इस चुनाव को कितनी पारदर्शिता से संपूर्ण करेगा? देश का आम चुनाव हमेशा से ही एक पर्व की तरह मनाया जाता है। इसमें हर राजनीतिक दल अपने-अपने वोटरों के पास अगले 5 साल के लिए उनके मत की अपेक्षा में उन्हें बड़े-बड़े वायदे देकर लुभाने की कोशिश करते हैं। परंतु देश की जनता भी यह जान चुकी है कि दल चाहे कोई भी हो, राजनीतिक वायदे सभी दल ऐसे करते हैं कि मानो जनता उनके लिए पूजनीय है और ये नेता उनके लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। परंतु क्या वास्तव में ऐसा होता है कि चुनावी वादे पूरे किए जाते हैं? क्यों नेताओं को केवल चुनावों के समय ही जनता की याद आती है? खैर, यह तो रही नेताओं की बात। आज जिस मुद्दे पर पाठकों का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है वह है चुनावों में पारदर्शिता। सरकार चाहे किसी भी दल की क्यों न बने। चुनावों का आयोजन करने वाली सर्वोच्च सांविधानिक संस्था केंद्रीय चुनाव आयोग इन चुनावों को कितनी पारदर्शिता से कराती है इसकी बात बीते कई महीनों से सभी कर रहे हैं। चुनाव आयोग की प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि हर दल को पूरा मौका दिया जाए और निर्णय देश की जनता के हाथों में छोड़ दिया जाए। बीते कुछ महीनों में चुनाव आयोग पर पहले ई.वी.एम. को लेकर और फिर वी.वी.पैट को लेकर काफी विवाद रहा। हर विपक्षी दल ने एक सुर में यह आवाज लगाई कि देश से ई.वी.एम. को हटा कर बैलेट पेपर पर ही चुनाव कराया जाए। परंतु देश की शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को निर्देश देते हुए अधिक सावधानी बरतने को कहा और ई.वी.एम. को जारी रखा।

इन विवादों के बाद चुनावों की मतगणना को लेकर फॉर्म 17सी पर एक नई बहस उठी जो देश की शीर्ष अदालत में जा पहुंची। दरअसल, फॉर्म 17सी वह फॉर्म होता है जिसमें चुनाव संचालन नियम, 1961 के तहत देशभर के प्रत्येक मतदान केंद्र पर डाले गए वोटों का रिकार्ड होता है। फॉर्म 17सी में मतदान केंद्र के कोड नंबर और नाम, मतदाताओं की संख्या। उन मतदाताओं की संख्या जिन्होंने मतदान न करने का निर्णय लिया। उन मतदाताओं की संख्या जिन्हें मतदान करने की अनुमति नहीं मिली। दर्ज किए गए वोटों की संख्या। खारिज किए गए वोटों की संख्या। वोटों के खारिज करने के कारण। स्वीकार किए गए वोटों की संख्या। डाक मतपत्रों का डाटा भी शामिल होता है। इस जानकारी को मतदान अधिकारियों द्वारा भरा जाता है और प्रत्येक बूथ के पीठासीन अधिकारी द्वारा जांचा भी जाता है।

# देश को प्रभावित करने वाले असल मुद्दों पर जनता की राय

नीरज कुमार दुबे




लोकसभा चुनाव 2024 के लिए, लगभग दो महीने तक चले प्रचार अभियान के दौरान तमाम तरह के मुद्दे उभर कर आये और देखा जाये तो हर चरण के मुद्दे अलग-अलग रहे। नेता चाहे किसी भी दल के रहे हों उनके भाषणों और वादों में इन मुद्दों का कहीं ना कहीं जिक्र जरूर रहा। आइये नजर डालते हैं इन मुद्दों पर-

**मुफ्त रेवड़ी-** मुफ्त रेवड़ियां ऐसा विषय रहा जो सभी पार्टियों के वादों में किसी ना किसी रूप से शुमार रहा। भाजपा ने मुफ्त राशन अगले पांच साल तक देते रहने का वादा किया हालांकि पार्टी का कहना है कि यह मुफ्त रेवड़ी की श्रेणी में नहीं आता। इसके अलावा विभिन्न राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों ने अपने घोषणापत्रों और जनता से किये गये वादों में तमाम चीजें मुफ्त में देने का वादा किया है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि यह पैसा कहां से आयेगा। तुलनात्मक रूप से अध्ययन करें तो यह देखने को मिलता है कि मुफ्त सौगातों के वादे सबसे कम भाजपा ने ही किये हैं। इन मुफ्त सौगातों को लेकर देश की जनता भी बंटी हुई नजर आई है। अधिकांश लोगों का कहना था कि हमें मुफ्तखोर बनाने की बजाय सरकार को चाहिए कि हमें आत्मनिर्भर बनाये। कई लोगों का कहना था कि मुफ्त की चीजें सबसे ज्यादा जरूरतमंद व्यक्ति को ही मिलनी चाहिए क्योंकि यह एक तरह से करदाताओं के पैसे की बर्बादी है।

**विकसित भारत-** लोकसभा चुनावों के ऐलान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर देश भर में निकाली गयी विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिये देश का यह महत्वाकांक्षी मिशन पूरे भारत के कोने-कोने तक पहुँच चुका था। प्रधानमंत्री ने गत वर्ष लाल किले की प्राचीर से दिये अपने भाषण में भी विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने की बात कही थी इसलिए जनता इसको लेकर पूरी तरह जागरूक थी। जब हमने देशव्यापी यात्रा की तो पाया कि इस संकल्प के सिद्ध होने में किसी को कोई शक नहीं था बल्कि लोग इस संकल्प को सिद्ध करने के लिए अपने तमाम तरह के सुझाव देते दिखे।

**संविधान और लोकतंत्र को खतरा-** विपक्ष ने चुनाव की शुरुआत से लेकर अंत तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जिस बात को लेकर सबसे ज्यादा हमले किये वह थे संविधान और लोकतंत्र को खतरे में बताना। विपक्ष की ओर से यह बात फैलाई गयी कि यदि भाजपा फिर से सत्ता में आ गयी और मोदी फिर से प्रधानमंत्री बन गये तो यह आखिरी चुनाव होगा और भारत में भी रूस और उत्तर कोरिया जैसा शासन हो जायेगा। जब हमने ग्रामीण क्षेत्रों के बीच जनता का मन टटोला तो खासतौर पर पिछड़े वर्ग के लोगों ने कहा कि हमें सड़क और बिजली नहीं चाहिए पर संविधान में हमें जो अधिकार दिये गये हैं वह नहीं खत्म होने चाहिए।

**भ्रष्टाचार विरोधी अभियान-** देश भर में भ्रष्टाचार विरोधी अभियानों को लेकर विपक्ष का आरोप था कि उसे परेशान किया जा रहा है और सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। विपक्ष ने ईडी-सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए जनता से समर्थन भी मांगा लेकिन जब हमने जनता से बात की तो सभी का यह कहना था कि यह बहुत अच्छा काम हो रहा है। जनता ने कहा कि हमने मोदी सरकार को जनादेश इसी बात का दिया था कि भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाये।

**परिवारवाद-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने चुनाव अभियान की शुरुआत परिवारवादी नेताओं पर प्रहार के साथ की थी जिसके बाद आरोप लगाया गया कि मोदी परिवार का महत्व क्या जानें क्योंकि उनका कोई परिवार ही नहीं है। इसके बाद भाजपा ने मैं हूँ मोदी का परिवार% अभियान चला दिया और देखते ही देखते राष्ट्रव्यापी मोदी का परिवार खड़ा हो गया। भाजपा नेताओं ने परिवारवाद पर जिस प्रकार हमले किये उसके चलते जनता के बीच यह बड़ा मुद्दा तो बना ही साथ ही परिवारवादी दलों के भीतर भी इसको लेकर घमासान मचा।

**महंगाई-** महंगाई इस चुनाव में एक बड़े मुद्दे के रूप में उभरी। देखा जाये तो इसको लेकर भाजपा को कहीं-कहीं रक्षात्मक मुद्रा भी अपनानी पड़ी। हालांकि भाजपा को जो कोर वोट बैंक है उसको इससे ज्यादा फर्क नहीं दिखा और उसका कहना था कि जब आमदनी बढ़ी है तो महंगाई भी बढ़ी है। भाजपा समर्थकों का कहना था कि वैश्विक चुनौतियों के बीच दुनिया भर में सबसे कम महंगाई भारत में ही है। उनका कहना था कि हमारे पड़ोसी देश दिवालिया हो रहे हैं और हम तेजी से तरक्की कर रहे हैं जिसका सीधा अर्थ यही है कि मोदी सरकार की आर्थिक नीतियां बहुत अच्छी हैं। हालांकि आम जनता रोजमर्रा के सामान की बढ़ती कीमतों, शिक्षा और स्वास्थ्य पर बढ़ते खर्च, तमाम वस्तुओं पर जीएसटी की ज्यादा दरों को लेकर नाराज नजर आई और सरकार से मांग की कि उसे इस ओर ध्यान देना चाहिए। हालांकि महंगाई को लेकर कहीं ऐसा नहीं दिखा कि जनता सरकार बदलने के मूड़ में है।

**बेरोजगारी-** बेरोजगारी का विषय भी इस चुनाव में काफी छाया रहा। इस विषय के साथ पेपर लीक जैसी विकराल होती समस्या और कौशल की कमी जैसे मुद्दे भी जुड़े रहे। कांग्रेस ने पहली नौकरी पक्की जैसा बड़ा वादा किया था लेकिन इसका कोई खास असर होता नहीं दिखा। युवाओं का कहना था कि हमें ऐसा अस्थायी अवसर नहीं बल्कि जीवन में स्थायित्व चाहिए। युवाओं का कहना था कि हमें दस हजार की नौकरी नहीं बल्कि बेहतर अवसर चाहिए। युवाओं का यह भी कहना था कि पिछले दस सालों में नौकरियों में भ्रष्टाचार कम हुआ है और अब नौकरी हासिल करने के लिए रिश्वत नहीं देनी पड़ती।

**शिक्षा और स्वास्थ्य-** सरकारी स्कूलों में शिक्षा का खराब स्तर, सुविधाओं की कमी, शहरी क्षेत्रों में स्कूलों में दाखिले की समस्या, निजी ट्यूशन केंद्रों की फीस पर भारी भरकम जीएसटी, ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पतालों की कमी, चिकित्सा जांच केंद्रों की कमी, सरकारी अस्पतालों में दवाइयों की कमी, बाजार की महंगी दवाएं और डॉक्टरों की कमी जैसे मुद्दे बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित करते दिखे। नई सरकार को प्राथमिकता के आधार पर इस पर ध्यान देना होगा।

**हिंदुत्व-** अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से देश भर में जो माहौल बना उसका फायदा भाजपा को होता दिख रहा है। मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद विकास और विरासत को जिस तरह तवज्जो दी उसका काफी असर देखने को मिला है। धर्म स्थलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने का ऐसा असर हुआ है कि पर्यटन स्थलों से ज्यादा लोग धर्म स्थलों पर जाने लगे हैं। पर्यटन और आध्यात्म के समावेश ने स्थानीय अर्थव्यवस्था को बड़ा बल प्रदान किया है।

# 1500 रुपए के लिए मां की हत्या

## बेटे ने रखने दिए पैसे, राशन खरीद कर बनाया खाना, ईंट मारकर की हत्या

**मीडिया ऑडिटर, बिलासपुर एजेंसी ।** बिलासपुर में पैसे के लालच और गुस्से में एक कलयुगी बेटे ने महज डेढ़ हजार रुपए के लिए अपनी बूढ़ी मां की ईंट मार कर हत्या कर दी। बेटे ने जो 1500 रुपए अपनी मां के पास रखवाए थे, उन्हीं पैसों से मां ने राशन खरीद कर उसके लिए भोजन पकाया था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, बुधवार 29 मई को थाना प्रभारी कोटा रजनीश सिंह को सूचना मिली कि ग्राम पटैता के कोरीपारा में एक महिला की हत्या कर दी गई है। घटनास्थल कोरीपारा पहुंचने पर उन्होंने देखा कि महिला मृत हालत में पड़ी थी।



**वारदात के बाद जंगल में छुप गया था:** परिजनों से पूछताछ करने पर बताया गया कि प्रेम यादव उर्फ सलसलहा यादव (34) ने अपनी मां कुंती बाई पति स्व. मोहन लाल यादव (60) से मारपीट कर उसकी हत्या कर जंगल की तरफभाग गया है। हत्या करने के बाद आरोपी बेटा प्रेम यादव पटैता-कोरी के जंगल में छिप गया था। पुलिस ने सूचना मिलने पर जंगल की सर्चिंग कर दो घंटों के अंदर आरोपी को पकड़ लिया।

**दो घंटों के अंदर आरोपी पकड़ाया:** आरोपी के जंगल में छिपे होने की सूचना पर तत्काल कोटा पुलिस द्वारा चारों तरफ घेराबंदी कर पटैता-कोरी जंगल में आरोपी प्रेम यादव ऊर्फ सलसलहा यादव को दो घंटों के अंदर पकड़ लिया। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी बेटे ने मां कुंती बाई की हत्या करने का अपराध कबूल लिया।

बेटे ने बताया कि 1500 रुपए वापस मांगने पर उसकी मां कुंती बाई ने राशन खरीदने में खर्च कर देने और पैसा नहीं होना बताने, पैसा नहीं देने पर उसने ईंट से वारकर मां की हत्या कर दी और फरार हो गया।

# तंबाकू हृदय रोग और फेफड़ों के कैंसर का होने का बड़ा खतरा- डॉ. तिवारी

**मीडिया ऑडिटर, एमसीबी निप्र।** कलेक्टर श्री डी. राहुल वेंकट के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार तिवारी के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेंद्रगढ़ में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मादक पदार्थो का उपयोग नहीं करने के सम्बन्ध मे अधिकारी एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाया गया।



इस दौरान डॉ. तिवारी ने तम्बाकू का सेवन और स्वास्थ्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि तम्बाकू का सेवन या तो धूम्रपान के रूप में या धूम्रपान रहित रूप में इस्तेमालल किया जाता है। तम्बाकू का उपयोग धूम्रपान बीड़ी, सिगरेट, सिगार, हुक्का आदि के रूप में किया जाता है। धूम्रपान रहित तम्बाकू के सेवन का मुख्य स्रोत तम्बाकू को चबा कर या सूंघ कर किया जाता है। भारत में धूम्रपान रहित तंबाकू का सेवन मुंह के कैंसर का प्रमुख कारण है। तम्बाकू का धूम्रपान फेफ्ड़ों के कैंसर, हृदय रोग, क्रोनिक ब्रोंकाइटिस कैंसर और वातस्फीति रोगों का एक प्रमुख कारण है। तम्बाकू के धूम्रपान से श्वसन संकट, गैस्ट्रिक अल्सर और गर्भावस्था संबंधी जटिलताएँ भी होती हैं। गर्भावस्था पर धूम्रपान के प्रतिकूल प्रभाव जन्म के समय कम वजन से लेकर सहज गर्भपात, समय से पहले जन्म, मृत जन्म और नवजात मृत्यु की घटनाओं में वृद्धि होती हैं। तम्बाकू का धूम्रपान न केवल उपयोगकर्ताओं के लिए स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएँ पैदा करता है, बल्कि आस-पास के व्यक्ति को भी प्रभावित करता है। आसपास के लोग जिन्हें आम तौर पर गैर-धूम्रपान करने वाला भी कहा जाता है, उन्हें हृदय रोग और फेफ्ड़ों के कैंसर का होने का बड़ा खतरा है।

## फेसबुक में दोस्ती कर रेप, फिर शादी से मुकरा

**कोरबा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में लॉकडाउन के दौरान एक युवक ने फेसबुक से दोस्ती कर रेप की वारदात को अंजाम दिया है। पीड़िता के मुताबिक आरोपी शादी करने का वादा किया था, फिर मुकर गया। पीड़िता धोखेबाजी से परेशान होकर शिकायत दर्ज कराई है। पूरा मामला सीएसईबी चौकी क्षेत्र का है।

पीड़िता के मुताबिक वह बिलासपुर की रहने वाली है। दोनों 2 साल से चोरी-छिपे कर मिल रहे थे। इसी बीच युवती के घर वाले उसकी शादी कहीं और करने के लिए कहने लगे। ऐसे में युवती अपने से शादी करने की बात कही, लेकिन प्रेमी गौतम ने शादी से इनकार कर दिया।

**पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा:** युवती ने इसकी शिकायत सीएसईबी चौकी पुलिस से की। शिकायत की खबर मिलते ही युवक फरार हो गया, जिसकी पुलिस लंबे समय से तलाश कर रही थी।

# पत्नी ने बेटे-भतीजे के साथ मिलकर की पति की हत्या

## रायपुर में बीवी देखती रही, भतीजा और सुपारी किलर मारते रहे, चरित्र पर करता था शंका

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर में आमानाका इलाके में हुई गार्ड की हत्या उसकी पत्नी ने नाबालिग बेटे, भतीजे और दो अन्य लोगों के साथ मिलकर की थी। हत्या की प्लानिंग इतने शातिराना ढंग से की कि पुलिस को आरोपियों तक पहुंचने में 6 दिन लग गए। हालांकि आमानाका पुलिस ने अब इस मर्डर मिस्ट्री को सुलझाकर 3 नाबालिगों समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



24 मई को चंगोराभाठा निवासी कल्याण यादव (51 वर्ष) की लाश टाटीबंध ब्रिज के पास एक नाले में मिली थी। कल्याण आमानाका इलाके के एक ट्रक गैरेज में गार्ड था। लाश गैरेज से कुछ ही दूरी पर नाले में पाई गई थी। जिसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

**बॉडी पर चोट के निशान:** पुलिस को बॉडी के सिर और कान में चोट के निशान मिले थे। शक था कि हत्यारे ने किसी भारी और धारदार समान से उस पर वार किया, जिससे मौत हो गई। फिर लाश को नाले में फेंक दिया। इस मामले में पुलिस मृतक के परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही थी। इसके अलावा ब्ब्न्ट कैमरों को भी खंगाल रही थी।

**पत्नी और साली के चरित्र पर करता था शंका:** आमानाका थाना प्रभारी दीपेश जायसवाल ने बताया कि कल्याण अपनी पत्नी रोहिणी यादव और शादीशुदा साली के चरित्र पर शंका करता था। इसे लेकर अक्सर घर में कई बार लड़ाई भी हो चुकी थी। इसी वजह से उसकी पत्नी अपने नाबालिग बेटे के साथ अलग रहती थी।

**भतीजे से भी हो चुकी थी मारपीट:** मृतक की साली रानी यादव अपने परिवार के साथ भिलाई में रहती थी। उसके बेटे आदित्य यादव (22 वर्ष) को जब यह बात पता चली कि कल्याण यादव उसकी मां के कैरेक्टर को लेकर गलत बात करता है, तो उसने भी मारपीट की थी। पुलिस को पता चला कि वे दोनों एक-दूसरे को बिल्कुल पसंद नहीं करते थे।

**पत्नी और भतीजे ने की हत्या की प्लानिंग:** मृतक की पत्नी रोहणी ने अपने भतीजे आदित्य यादव और नाबालिग बेटे के साथ मिलकर पूरी हत्या की प्लानिंग की। इसके लिए आदित्य ने खुर्सीपार भिलाई से दो नाबालिग लड़कों को भी बुलाया। उसने इन लड़कों हत्या में मदद करने के बदले 50 हजार रुपए देने की बात कही।

**नाबालिग मारते रहे, पत्नी ब्रिज के ऊपर से देखती रही:** वारदात वाले दिन कल्याण की पत्नी अपने बेटे के साथ के ओवर ब्रिज पर चढ़ गई। फिर वहां से पति का मर्डर होते देखने लगी। इस दौरान आरोपियों ने चाकू और पत्थर से कल्याण को मार डाला। फिर उसकी लाश नाले में फेक कर भाग निकले। वारदात के बाद पुलिस ने खोजबीन करके 3 नाबालिगों और मृतक की पत्नी रोहिणी और आदित्य यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

## 24 घंटे के अंदर एक घर में 2 बार चोरी

### पहले टीवी चुराकर झाड़ियों में छिपाया, दूसरे दिन वायर के बंडल पार

**रायपुर एजेंसी।** रायपुर के तिल्दा नेवरा इलाके के घर में 24 घंटे के भीतर दो बार चोरी हो गई। पहले दिन चोरों ने दीवार फांदकर घर में घुसे और टेलीविजन उठा ले गए, फिर उसे झाड़ियों में छिपा दिया। इसके बाद चोरों ने अगले दिन रात में फिर उसी घर पर घुसकर इलेक्ट्रिक वायर के बंडल लेकर फरार हो गए। इन चोरों ने इस बीच एक बाइक भी चोरी की। फिलहाल पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**मकान के पीछे की दीवार फांदकर अंदर घुसे:** श्रीचंद्र बालचंदानी ने 28 मई को तिल्दा थाने में एफआईआर दर्ज करवाई कि चोरों ने उसके निर्माणाधीन मकान के पीछे की दीवार फांदकर अंदर घुसे। वहां से उन्होंने एलईडी टीवी, वायर के बंडल, तेल की टीन की चोरी कर ली। इस सामानों की कीमत करीब 70 हजार के आसपास है। इस मामले में पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई।

**तीन संदिग्ध युवकों को घूमते हुए पकड़ा:** मामले की जांच पड़ताल के दौरान पुलिस ने एक एक्टिवा में सवार तीन संदिग्ध युवकों को घूमते हुए पकड़ा। शक बढ़ा तो पुलिस ने उन्हें थाने लाकर पूछताछ की। ये युवक अर्जुन देवार, पुरुषोत्तम यादव और विश्राम साहू थे। सभी भाटापारा जिला बलौदा बाजार के रहने वाले हैं।

**चोरों ने बताई पूरी कहानी:** उन्होंने पुलिस को बताया कि 26 मई की रात घर में घुसकर टेलीविजन की चोरी की, जिसे ठिकाने लगाने के लिए झाड़ियां में छिपा दिया। इसके बाद अगले दिन उन्होंने भाटापारा के पास एक सुपर स्प्लेंडर बाइक की चोरी कर ली। 27 मई की रात में वह फिर तिल्दा के इस घर पर पहुंच गए, जहां एक रात पहले चोरी की थी। निर्माणाधीन मकान से उन्होंने वायर बंडल पार कर दिया।

**पुलिस ने बाइक और सामान बरामद किया:** पुलिस ने इन तीनों आरोपियों के पास से चोरी की बाइक, एक एक्टिवा और कुछ सामान बरामद कर लिया है। हालांकि झाड़ियां में छुपाए गए टेलीविजन का फिलहाल पता नहीं चला है। जब्त समानों की कीमत 55 हजार के करीब है। पुलिस ने इन चोरों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

## दो जगहों पर महिलाओं से लूट, 2 गिरफ्तार

### मंगलसूत्र-सोने की चेन झपटी, लूटने वाले नट गिरोह का पर्दाफाश, 2 आरोपी फरार

**बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में महिलाओं से लूट करने वाले कुख्यात नट गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं इस मामले के दो अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। बता दें कि 28 मई की शाम सरकंडा और तोरवा क्षेत्र में एक महिला के गले से सोने की चौन और दूसरी महिला के गले से मंगल सूत्र, कीमत 2.55 लाख रुपए की लूट की गई थी। दरअसल, 28 मई को जैसे ही थाना सरकंडा और थाना तोरवा क्षेत्र में महिला के गले से चौन और मंगल सूत्र लूटने की घटना की सूचना मिली, जिले में तत्काल नाकाबंदी की गई। गिरफ्तार दो आरोपियों को 10 साल की सजा मिली है। गिरफ्तार मंजीत कुमार नट (27) मंटू कुमार नट (28) दोनों जशपुर के निवासी हैं। वहीं फरार आरोपियों की पहचान मंजय कुमार नट और आकाश नट के रूप में हई है।

**मंदिर जा रही महिला को शिकार बनाया:** सरकंडा थाना में लिखाई गई रिपोर्ट के मुताबिक बन्नू दीवान 28 मई की शाम करीब 7 बजे बजरंग मंदिर जाने के लिए घर से निकली थी। इसी दारौन रास्ते में वालिया हाऊस के पास बाइक सवार दो अज्ञात व्यक्ति उनके गले से 1.60 लाख रुपए कीमत की सोने की चौन खींच ले गए। लूट की दूसरी वारदात तोरवा थाना क्षेत्र की है, जिसके मुताबिक प्रभावती पति टी मुरलीकृष्ण 28 मई की रात 8:15 बजे जब बाजार से सब्जी खरीदकर कान्हा हाइट्स अपार्टमेंट स्थित अपने घर जा रही थी। इसी दारौन पीछे से दो बाइक सवार लड़कों ने उनके गले से सोने का मंगलसूत्र, कीमत 95 हजार रुपए झपट कर लूट लिया।

# बिलासपुर में भीषण गर्मी से 2 लोगों की मौत

## एमपी का मजदूर चक्कर खाकर गिरा मजदूर, गोबर थाप रही युवती हुई बेहोश

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में हीट वेव से 2 लोगों की मौत हो गई है। भीषण गर्मी में रोड लाइंस में काम करने वाले मजदूर को अचानक चक्कर आया और वह बेहोश हो गया। इसी तरह दूसरी घटना में गोबर थाम रही महिला बेहोश होकर गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

जानकारी के अनुसार मूलतरू मध्यप्रदेश के अनूपपुर निवासी फेंकूराम उरांव कोरबा में रहता था। वह डीसी रोड लाइंस ठेका कंपनी में काम करता था, लेकिन वर्तमान में कंपनी का काम मंगला में चल रहा है, जहां फेकूराम भी काम कर रहा था।



**बेहोश होकर गिरा, रास्ते में तोड़ा दम:** गुरुवार दोपहर वह काम करने के बाद अपने साथियों के साथ रूम पहुंचा, जिसके बाद वह खाना खाने के लिए बैठा था, तभी अचानक बेहोश होकर गिर गया और बड़बड़ाने लगा। घटना की जानकारी सुपरवाइजर को सूचना दी गई। तत्काल उसे इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया।

**भीषण गर्मी में लू लगने से मौत:** उसके साथ काम करने वाले सुमित कुमार ने बताया कि भीषण गर्मी में लू लगने से उसकी मौत हुई है। शुक्रवार को शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसके मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

**कोठार में गोबर थापते समय बेहोश होकर गिरी युवती:** दूसरी घटना सीपत थाना क्षेत्र के उच्चभट्ठी की है। शैल कुमार सूर्यवंशी (27) पिता कार्तिकराम घरेलु काम करती थी। इसके साथ ही वह झाड़ू-पोंछा लगाने का काम भी करती थी। उसके भाई मुकेश कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि गुरुवार को शैलकुमारी अपने कोठार में गोबर थाप रही थी। तभी गर्मी में बेहोश होकर गिर गई। इस पर उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे सिम्स रेफर कर दिया गया। सिम्स में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने उन्हें बताया कि युवती की लू लगने से मौत हुई है। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है।

## राजस्थान से ओडिसा का गांजा लेने पहुंचे 4 गिरफ्तार

### पुलिस ने कार समेत 18 लाख का माल किया जब्त



**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में राजस्थान से उड़ीसा का गांजा लेने पहुंचे व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों की मदद रायपुर के एक कुल्फी सप्लायर ने की थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों की कार को भी जब्त कर लिया है। ये पूरा मामला कबीर नगर थाना क्षेत्र का है। एंटी क्राइम यूनिट को सूचना मिली कि कुछ लोग कार में गांजा लेकर टाटीबंध चौक से बीएसयूपी कॉलोनी की ओर जा रहे हैं। जिसके बाद कबीर नगर थाना की टीम ने घेराबंदी करके कार को रुकवाया। फिर जांच पड़ताल की। जिसमें कार से करीब 61 किलो गांजा बरामद हो गया। इस मामले में पुलिस ने रायपुर निवासी अजरुद्दीन कुरैशी, अजय गौरे और भरतपुर जिला राजस्थान के निवासी कन्हैया गुर्जर और रुपेंद्र चौहान को अरेस्ट कर लिया।

**रायपुर में कुल्फी सप्लाई करता है आरोपी:** इस मामले में पुलिस की आरोपी से पूछताछ में पता चला कि अजय गौरे उर्फ बॉबी रायपुर में खुद कुल्फी सप्लाई का काम करता है। वो लोकल ब्रांड की कुल्फियों को एक जगह से दूसरे जगह बेचने के लिए रिटेलर को देता है। उसकी मुलाकात राजस्थान के कन्हैया से कुछ साल पहले हुई थी।

**नारकोटिक्स एक्ट में जेल गए:** इसके अलावा अजहरुद्दीन ई-रिक्शा चलाने का काम करता है। दोनों ने मिलकर राजस्थान से आए हुए गांजा तस्करों के लिए रायपुर में रुकने की व्यवस्था की थी। फिर यही दोनों गांजा लेने बाइक से ओडिसा गए हुए थे। जिसके लिए इन्होंने एडवांस में रकम भी ली थी। हालांकि पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार करके नारकोटिक्स एक्ट के मामले में जेल भेज दिया है। इस मामले में दो अन्य आरोपी फरार है, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

**महिला समेत एक अन्य भी गांजा बेचते गिरफ्तार:** रायपुर के मंदिर हसौद पुलिस ने तुलसी बाराडेरा के मोड़ के पास एक व्यक्ति धर्मेन्द्र टण्डन को गिरफ्तार किया है। पुलिस जे ये एक्शन सूचना के आधार पर किया है। तलाशी में पुलिस को व्यक्ति के पास रखे बोरे में करीब 1 लाख रुपए का गांजा मिला है। इसके अलावा मंदिर हसौद इलाके से ही एक महिला गुंजा कटारे को भी गांजा बेचते गिरफ्तार किया है। इसके पास से भी करीब 35 हजार का गांजा मिला है।

# छत्तीसगढ़ में फर्जी राशन कार्ड से चावल की हेराफेरी

## अपनी गलती छिपाने दुकानदार को बनाया मोहरा, फूड कंट्रोलर ने एफआईआर के लिए भेजा प्रतिवेदन

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में 2 साल से लगातार सरकारी राशन की हड़पने के मामले में फूड कंट्रोलर ने अब शासकीय उचित मूल्य की दुकान के विक्रेता को मोहरा बनाया है। तकनीकी खामियां और गड़बड़ी सामने आने के बाद उन्होंने मामले में एफ्आईआर दर्ज करने के लिए पुलिस को प्रतिवेदन भेजा है। बता दें कि खाद्य विभाग के अफसर और कर्मचारियों की मिलीभगत के बिना एपीएल कार्ड को बदलकर बीपीएल कार्ड बनाने का काम केवल विक्रेता नहीं कर सकता। इसके बावजूद जांच में विभाग के किसी अधिकारी-कर्मचारी पर कार्रवाई नहीं की गई है।




दरअसल, जिले में पिछले 2 साल से एपीएल कार्ड को बदलकर बीपीएल कार्ड बनाने और मुफ्त में मिलने वाले सरकारी चावल में बड़े पैमाने पर हेराफेरी करने का मामला सामने आया है। यह कारनामा किसी एक दुकान का नहीं, बल्कि कई दुकानों में किया गया है। जब एपीएल कार्डधारियों को इसका पता चला तब उन्होंने मामले की शिकायत कलेक्टर से की। कलेक्टर अवनीश शरण ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को कमेटी बनाकर इसकी जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

**फूड कंट्रोलर की भूमिका पर सवाल:** दरअसल, जिस तरह से एपीएल कार्डधारियों का कूटरचना कर बीपीएल कार्ड बनाया गया है। यह काम केवल उचित मूल्य दुकान संचालक अकेले नहीं कर सकता। क्योंकि, इसके लिए आईडी पासवर्ड की जरूरत होती है। इसके साथ ही हितग्राही की अंगूठे का निशान भी लिया जाता है। विभाग के जानकारों का कहना है कि एपीएल से बीपीएल राशन कार्ड बनाना फूड कंट्रोलर की आईडी लॉगिन से ही संभव है। साल 2022 में एपीएल कार्ड को बीपीएल राशन कार्ड बनाने की बात कही जा रही है। इस पूरे मामले में फूड कंट्रोलर अनुराग भदौरिया की मिलीभगत की आशंका है।

**गड़बड़ी सामने आने पर दुकान संचालक पर ठिकरा फोड़ने की तैयारी:** विनोबा नगर में संचालित मैग्नेटो मॉल के पास जय माता दी प्राथमिकता उपभोक्ता भण्डार शासकीय उचित मूल्य दुकान (401001121) संचालित किया जा रहा है। यहां के एपीएल हितग्राहियों को बीपीएल कार्ड बनाया गया है।

कलेक्टर ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लिया है, जिसके बाद इसकी जांच की जा रही है। लेकिन, शुरूआती जांच में ही दुकान संचालक को दोषी बता दिया गया है और फूड कंट्रोलर अनुराग भदौरिया अपना कारनामा छिपाने के लिए प्रतिवेदन बनाकर एफ्आईआर के लिए पुलिस को प्रतिवेदन भेज दिया है।

**इनके नाम पर बना था बीपीएल कार्ड:** सरकारी राशन गड़बड़ी मामले में कलेक्टर के आदेश पर खाद्य विभाग ने जांच दल गठित की। टीम ने जांच के दौरान पाया कि राशनकार्डधारियों जय प्रकाश द्विवेदी पिता बी.पी. द्विवेदी, सतीश चन्द्र सूरी पिता एस.एल. सूरी, चन्द्रनाथ चटर्जी पिता स्व. जी.डी. चटर्जी एवं रश्मि जैन पति सिद्धार्थ जैन को बीपीएल राशनकार्ड बनाकर सरकारी राशन गबन करने की पुष्टि हुई है। जानकारों का कहना है कि बारीकी से जांच की जाए तो कूटरचना कर इस तरह की अनियमितता बरतने के और भी मामले सामने आएंगे।

**तखतपुर में भी गड़बड़ी आई सामने, 16 को नोटिस:** तखतपुर में भी सरकारी सस्ते अनाज की दुकान से राशन की हेराफेरी करने का मामला सामने आया है। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर ब्लॉक के फूड इंस्पेक्टर ने शासकीय राशन दुकानों की जांच की। जांच के दौरान व्यापक अनियमिताएं सामने आईं, जिस पर दो दुकानें निरस्त करने के साथ ही एक दुकान को निलंबित किया गया है। वहीं, 16 दुकान संचालकों को नोटिस जारी किया गया है।

**इन दुकानों में मिली अनियमितताएं:** तखतपुर ब्लॉक के जिन ग्रामों के राशन दुकानों की जांच की गई उनमें कुरेली, केकराड़, भरनी, देवरीकला, विजयपुर, उड़ेला, सिंघनपुरी, राजपुर, अमसेना, लिदरी, कोपरा, बेलगहना, सकेरी, सकर्रा, सालहेकापा एवं देवतरा के शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में अनियमितताएं पाईं गई। इस आधार पर 16 दुकान संचालकों को नोटिस जारी किया गया है। वहीं शासकीय उचित मूल्य दुकान विजयपुर एवं केकराड़ में खाद्यान्न अनियमितता पाए जाने पर दुकान निरस्तीकरण एवं शासकीय उचित मूल्य दुकान उड़ेला में दुकान निलंबन की कार्रवाई की गई।

# इस्लाम विरोधी एक्टिविस्ट पर चाकू से हमला, पुलिसकर्मी सहित कई घायल




**बर्लिन.** जर्मनी के मैनहेम शहर में सेंट्रल स्क्वायर पर एक इस्लामिक विचारधारा वाले कट्टरपंथी ने चाकू से कई लोगों पर हमला कर दिया। इसमें एक पुलिस अधिकारी भी घायल हो गया है। हमलावर ने उसकी गर्दन पर वार किया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में हमलावर को मार गिराया है। यह घटना सुबह 11.30 बजे के करीब हुई।

पुलिस ने इस हमले में घायल लोगों की पहचान जाहिर नहीं की है मगर यूरोन्यूज ने अनुमान लगाया है कि जर्मनी में बेहद लोकप्रिय अति-दक्षिणपंथी कार्यकर्ता और इस्लाम की आलोचना करने वाले माइकल स्टर्जनबर्गर भी इस हमले में घायल हुए हैं। वे इस्लाम विरोधी एक कार्यक्रम को संबोधित करने के लिए वहां पहुंचे थे। हमले की ये पूरी घटना कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। इसमें हमलावर को लोगों पर चाकू से वार करते दिखाई दे रहा है। इस दौरान जब पुलिसकर्मी रोकने आता है तो हमलावर उसपर भी हमला कर देता है। इसके बाद एक अन्य पुलिसकर्मी हमलावर को गोली मार देता है जिससे वह जमीन पर गिर जाता है।

# पाकिस्तानी सरकारी वकील ने पीओके नागरिक को बताया विदेशी

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान के इस्लामाबाद हाईकोर्ट में सरकारी वकील ने पीओके को लेकर एक बयान दिया है। जिसके बाद वहां उनकी आलोचना हो रही है। उन्होंने कोर्ट में सुनवाई के दौरान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से अगवा किए गए कवि और पत्रकार अहमद फरहद शाह को विदेशी नागरिक बताया। फरहद शाह का केस लड़ रही वकील इमान मजारी हाजिर ने ये दावा किया है। उन्होंने कोर्ट के बाहर मीडिया उन्होंने कहा कि सरकारी वकील ये दलील दे रहे थे कि कश्मीर विदेशी जमीन है। ये



अच्छा इम्प्रेशन नहीं है। रियासत कश्मीर को बाहरी बता रही है। इससे अच्छा संदेश नहीं जा रहा है। पाकिस्तान ने कश्मीर के जिस हिस्से पर कब्जा किया है, वह उसे आजाद कश्मीर कहता है। वहीं, भारत उसे पीओके यानि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर कहता है। भारत का मानना है कि पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) जम्मू कश्मीर का हिस्सा है जिस पर पाकिस्तान ने जबरदस्ती कब्जा कर रखा है।

# अमेरिकी हथियारों से रूसी सेना पर हमला करेगा यूक्रेन

## राष्ट्रपति जो बाइडेन ने दी मंजूरी, पुतिन की धमकी के बाद फैसला

रूस-यूक्रेन जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन को रूस के खिलाफ उसके हथियारों का इस्तेमाल करने की मंजूरी दे दी है। न्यूज एजेंसी ‹क्क के मुताबिक, अमेरिकी अधिकारियों ने शुक्रवार (31 मई) को बताया कि इसमें यूक्रेन अमेरिकी ‹ञ्चष्टरूस् मिसाइल का इस्तेमाल खार्किव को रूसी सेना से बचाने के लिए कर सकता है। इसकी रेंज 300 किलोमीटर है।

अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेन इन हथियारों से रूसी सेना पर सीधा हमला कर सकता है। हालांकि, इनका इस्तेमाल रूसी सीमा के अंदर नहीं होना चाहिए। रूस ने 10 मई से खार्किव में हमले तेज कर दिए थे। इसके बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अमेरिका और पश्चिमी देशों से उनके दिए गए हथियारों को रूस के खिलाफ इस्तेमाल करने की मंजूरी मांगी थी।



अमेरिका ने पहले यूक्रेन को रूस के खिलाफ उसके हथियारों को इस्तेमाल करने से मना कर दिया था। अमेरिका को डर था कि अगर उसके हथियारों का इस्तेमाल रूस के खिलाफ हुआ, तो रूस इसे सीधे अमेरिका का हमला मानेगा। यूक्रेन पर पहले भी हथियारों के इस्तेमाल पर कोई औपचारिक प्रतिबंध नहीं था। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि पहले भी यूक्रेन के अमेरिकी हथियारों के इस्तेमाल पर कोई औपचारिक प्रतिबंध नहीं था। हालांकि, इस बात का डर था कि अगर ये रूस के खिलाफ इस्तेमाल हुए तो पुतिन सख्त कदम उठा सकते हैं। वहीं, हफ्ते की शुरुआत में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा था हमारी विदेश नीति समय के साथ बदलती या परिवर्तित होती जाती है। यह फैसला तब लिया गया है जब दो दिन पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन को हथियार देने वाले देशों को चेतावनी दी थी। पुतिन ने कहा था कि यूक्रेन जिस देश से मिले हथियारों से रूस पर हमला करेगा, उस देश को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

**पश्चिमी देशों ने भी हथियारों का इस्तेमाल करने की मंजूरी दी:** चार दिन पहले कुछ पश्चिमी देशों ने भी यूक्रेन को रूस के खिलाफ उनके हथियारों का इस्तेमाल करने को कहा था। सबसे पहले लातविया के राष्ट्रपति एडगर्स रिंकेविक्स ने इसकी इजाजत दी थी। इसके बाद ब्रिटेन और स्वीडन ने भी यही किया। इसके अलावा कुछ दिन पहले ब्रिटेन ने यूक्रेन को लंबी दूरी की स्टॉर्म शैडो मिसाइल भेजी थी। ये मिसाइल रूस के अंदर 250 किलोमीटर तक जा सकती है।

# जल संकट को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जल संकट से जूझ रही दिल्ली के लिए राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। शुक्रवार 31 मई को दाखिल की गई याचिका में केजरीवाल सरकार ने अपील की है कि कोर्ट हरियाणा, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश से एक महीने के लिए एक्स्ट्रा पानी देने के लिए निर्देश दे। दिल्ली सरकार ने कहा है कि गर्मी की वजह से शहर में पानी की मांग काफी बढ़ गई है और पड़ोसी राज्यों को एक महीने के लिए और ज्यादा पानी देने का निर्देश दिया जाना चाहिए। राजधानी में पानी की बहुत ज्यादा कमी है और जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा पर दिल्ली के



हिस्से का पानी नहीं देने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी भाजपा से अपील की है कि वह हरियाणा और उत्तर प्रदेश में अपनी सरकारों से एक महीने के लिए पानी देने के लिए कहे। सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली सरकार की तरफ से लगाई याचिका में ये भी कहा गया है कि मौजूदा जल संकट के चलते राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहने वाले लोगों के बेहतर जिंदगी जीने अधिकार का उल्लंघन करता है। इसके चलते लोगों को पीने का साफ पानी भी नहीं मिल पा रहा है।

# मोदी के ध्यान के खिलाफ तमिलनाडु कांग्रेस हाईकोर्ट पहुंची

**कन्याकुमारी (एजेंसी)।** पीएम मोदी का कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान करने का शुक्रवार को दूसरा दिन है। सुबह उनके ध्यान करने की तस्वीरें सामने आईं। वे भगवा चोला, हाथ में रुद्राक्ष की माला और माथे पर तिलक लगाए दिखे। उन्होंने सूर्य को अर्घ्य दिया, मंदिर की परिक्रमा की और ध्यान मुद्रा में बैठे। पीएम एक जून सुबह 10 बजे तक विवेकानंद रॉक मेमोरियल में रहेंगे। उधर विपक्ष मोदी के ध्यान को आचार संहिता का उल्लंघन बता रहा है। तमिलनाडु कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि पीएम अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। इसके खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। पीएम गुरुवार शाम को कन्याकुमारी पहुंचे थे। सबसे पहले भगवती देवी अम्मन मंदिर में दर्शन-पूजन किया। पूजा के दौरान मोदी ने सफेद मुंडु (दक्षिण भारत का एक परिधान) और शॉल पहना था। पुजारियों ने उनसे विशेष आरती कराई। प्रसाद, शॉल और देवी की तस्वीर दी। तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी विवेकानंद रॉक यात्रा पर कोई आपत्ति नहीं कर सकता है, लेकिन लोकसभा चुनाव 2024 के 7वें फेज के कूलिंग पीरियड के दौरान उनकी यात्रा हिंदू भावनाओं को भड़काने और अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग करके वोट हासिल करने की कोशिश है।

# मतगणना के दिन भाजपा के झूठ और 'एक्जिट पोल से सावधान-सतर्क रहें -अखिलेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के प्रमुख घटक समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से मतगणना के दिन सावधान और सक्रिय रहने की अपील करते हुए कहा कि झूठ फैलाकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोग आप सबका मनोबल गिराना चाहते हैं। उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि आप लोग किसी भी 'भाजपाई' एग्जिट पोल के बहकावे में नहीं आएं और पूरी तरह



से सतर्क रहें। सपा प्रमुख अखिलेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और प्रत्याशियों को संबोधित एक संदेश में कहा, मैं आज आपसे एक बेहद जरूरी अपील कर रहा हूं। आप सब कल (शनिवार) वोटिंग के दौरान और वोटिंग के बाद के दिनों में भी, मतगणना खत्म होने और जीत का सर्टिफिकेट मिलने तक पूरी तरह से सजग, सतर्क, सचेत और सावधान रहिएगा और किसी भी प्रकार के भाजपाई बहकावे में नहीं आइएगा। यादव ने अपनी इस अपील की वजह स्पष्ट करते हुए इसी संदेश में कहा, दरअसल ये अपील हम इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि भाजपा वालों ने ये योजना बनायी है कि कल शाम को चुनाव खत्म होते ही, वो अपनी मीडिया मंडली से विभिन्न चैनलों पर ये कहलवाना शुरू करेंगे कि भाजपा को लगभग 300 सीट मिल रही है

# बिभव कुमार को 14 दिन के लिए जेल भेजा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्वाति मालीवाल मारपीट केस में दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने शुक्रवार (31 मई) को अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार को 14 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा है। उन्हें 14 जून को कोर्ट में पेश किया जाएगा। सुबह हुई सुनवाई में कोर्ट ने बिभव की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। बिभव ने बुधवार (29 मई) को याचिका लगाकर अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए मुआवजे और दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच की मांग की थी।

# 8 राज्यों की 57 सीटों पर वोटिंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव-2024 के सातवें और अंतिम फेज में शनिवार (1 जून) को 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 57 सीटों पर वोटिंग होगी। 2019 में इन सीटों में से सबसे ज्यादा भाजपा 25, टीएमसी 9, बीजद 4, जेडीयू और अपना दल (एस) 2-2, जेएमएम महज 1 सीट जीत सकी थी। कांग्रेस को केवल पंजाब की बदौलत 8 सीटों पर जीत मिली थी। इस फेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, 2 केंद्रीय मंत्री आरके सिंह और अनुराग ठाकुर मैदान में हैं। 4 एक्टर- कंगना रनोट, रवि किशन, पवन सिंह, काजल निषाद भी चुनाव लड़ रहे हैं। इनके अलावा ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी, अफजाल अंसारी, विक्रमादित्य सिंह भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक इलेक्शन के सातवें फेज में 904 कैंडिडेट्स चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 809 पुरुष और 95 महिला उम्मीदवार हैं। इस फेज में सबसे अमीर प्रत्याशी बठिंडा, पंजाब से उम्मीदवार हरसिमरत कौर बादल हैं। उनके पास 198 करोड़ रुपए की संपत्ति है। 542 लोकसभा सीटों के लिए छठे फेज तक 485 सीटों पर मतदान हो चुका है। 1 जून को आखिरी 57 सीटों पर वोटिंग होगी। गुजरात में सूरत से भाजपा के उम्मीदवार रहे मुकेश दलाल निर्विरोध चुनाव जीत चुके हैं,

इसलिए वोटिंग 542 सीटों पर ही हो रही है। 199 कैंडिडेट ऐसे हैं, जिन पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। वहीं 155 उम्मीदवार ऐसे भी हैं, जिन पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। इनमें से 13 उम्मीदवारों को किसी न किसी मामले में दोषी ठहराया गया है। 4 उम्मीदवारों पर हत्या और 21 पर हत्या की कोशिश के मामले दर्ज हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले 27 उम्मीदवारों पर दर्ज हैं। 3 उम्मीदवारों के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज है।

# हेमंत सोरेन से मुलाकात करने होटवार जेल पहुंचे सीएम चंपई सोरेन

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड के सीएम चंपई सोरेन ने आज यानी शुक्रवार को होटवार जेल जाकर हेमंत सोरेन से मुलाकात की। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सीएम चंपई सोरेन ने हेमंत सोरेन को चुनाव संबंधी फीडबैक दिए। जानकारी के मुताबिक, 1 जून को नई दिल्ली में इंडी गठबंधन की बैठक के संदर्भ में भी मुलाकात के दौरान चर्चा हुई। चंपई सोरेन ने बताया कि सभी सीटों पर कांटे का संघर्ष है। गठबंधन के पक्ष में बेहतर नतीजे आने की उम्मीद है। चंपई सोरेन और हेमंत सोरेन के बीच हुई मुलाकात में इन लोकसभा क्षेत्रों में जेएमएम उम्मीदवारों के प्रदर्शन पर चर्चा हुई। जेएमएम नेताओं अन्य सीटों पर सहयोगी दल कांग्रेस और आरजेडी उम्मीदवारों से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। इस मुलाकात के दौरान राजमहल लोकसभा सीट और दुमका सीट को लेकर भी विशेष चर्चा हुई। लोकसभा चुनाव के साथ ही झारखंड में गिरिडीह जिले के गांडेय उपचुनाव परिणाम को लेकर भी सीएम चंपई सोरेन और हेमंत सोरेन के बीच चर्चा हुई। गांडेय उपचुनाव में हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन चुनाव में थीं। वहीं, सीएम चंपई सोरेन ने टेंडर कमीशन मामले में जेल में बंद मंत्री आलमगीर आलम से भी मुलाकात की।

# एनडीए के फर्जी एजेंडे को समझ गए हैं लोग, तेजस्वी यादव बोले- इंडिया गठबंधन करेगा 300 पार

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने एक बार फिर भाजपा और एनडीएपर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि एनडीए ने सोचा था कि अगर 7 चरणों में चुनाव होंगे तो उन्हें फायदा मिलेगा, लेकिन हमने फायदा उठाया...लोग उनके फर्जी एजेंडे को समझ गए हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि चाहे चिराग पासवान हों या बीजेपी का कोई और उन्होंने बताया कि बिहार के लिए उनका विजन क्या है? लेकिन हमने लोगों को



बताया कि हम बेरोजगारी के बारे में क्या करेंगे, महंगाई के खिलाफ क्या करेंगे, हम गरीबी कैसे हटाएंगे...उन्होंने क्या कहा? वे बस हमें गाली देते रहते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और हम लोग 300 पार करने जा रहे हैं। बता दें कि चिराग पासवान ने लालू प्रसाद यादव पर तंज कसते हुए कहा था कि पुराने दिनों को याद कीजिए, उस समय को वापस नहीं आने देना है। जंगलराज को याद कीजिए। महागठबंधन वाले जनता को दिग्भ्रमित करने वाले लोग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार देश का विकास हो रहा है। बिहार की सभी 40 सीटों पर राजग का कब्जा होगा। पूरे देश में राजग 400 का आंकड़ा पार करेगा।

# बिहार में भीषण गर्मी का कहर, लू लगने से 14 लोगों की मौत, मरने वालों में 10 मतदान कर्मी भी शामिल

**पटना (एजेंसी)।** बिहार सहित पूरे उत्तर भारत में भीषण गर्मी का कहर जारी है। भीषण गर्मी से कई जाने भी जा चुकी हैं। बिहार आपदा विभाग ने हीट वेव से मरने वालों की पुष्टि की है। आपदा विभाग ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया हीट वेव से पूरे बिहार में 14 लोगों की मौत हुई है। इनमें 10 मतदान कर्मी शामिल है, जबकि 4 अन्य लोग थे। आपदा विभाग ने प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अब तक भीषण गर्मी/लू से कुल 14 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, जिसमें 10 चुनाव कर्मी एवं 4 अन्य व्यक्ति शामिल हैं। मृतकों में भोजपुर जिला में 5 चुनाव कर्मी, रोहतास जिला में 3 चुनाव कर्मी, कैमूर जिला में 1 चुनाव कर्मी तथा औरंगाबाद जिला में 1 चुनाव कर्मी एवं 4 अन्य व्यक्ति शामिल हैं। मृतकों के परिजनों को नियमानुसार अनुग्रह अनुदान की राशि का भुगतान की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। बता दें कि बीते बुधवार को बिहार में बड़ी संख्या में बच्चे और अध्यापक लू और गर्मी की चपेट में आकर बेहोश होकर गिर गए थे, जिसे लेकर सोशल मीडिया खूब वीडियो वायरल हुए। उसके बाद बिहार सरकार ने राज्य के सभी स्कूलों को 8 जून तक स्कूल बंद करने के आदेश दिए हैं।

# अगर आपको भगवान में आस्था है तो इसे अपने घर पर करें, पीएम मोदी की मेडिटेशन पर भड़के खरगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक मेमोरियल में दो दिनों के लिए ध्यान करने के दौरान, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उन पर निशाना साधा है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि राजनीति और धर्म को कभी भी एक साथ नहीं लाया जाना चाहिए और अगर आपको भगवान में आस्था है, तो इसे अपने घर पर करें। खरगे ने कहा, राजनीति और धर्म को कभी एक साथ नहीं लाया जाना चाहिए। इन दोनों को अलग-अलग रखना चाहिए। एक धर्म का व्यक्ति आपके साथ हो सकता है और दूसरे धर्म का व्यक्ति आपके खिलाफ हो सकता है। धार्मिक भावनाओं को चुनाव से जोड़ना गलत है। वह कन्याकुमारी जाकर नाटक कर रहे हैं। इतने सारे पुलिस अधिकारियों को नियुक्त करके देश का कितना पैसा बर्बाद किया जा रहा है? आप वहां जाकर जो दिखावा कर रहे हैं, उससे देश को ही नुकसान होने वाला है। अगर आपको भगवान पर भरोसा है तो अपने घर पर ही करें। प्रधानमंत्री मोदी आध्यात्मिक यात्रा पर कन्याकुमारी में हैं। वे ध्यान मंडपम में ध्यान कर रहे हैं, यह वह स्थान है जहां माना जाता है कि पूज्य हिंदू दार्शनिक



स्वामी विवेकानंद को %भारत माता% के बारे में दिव्य दर्शन हुए थे। वे 1 जून तक अपना ध्यान जारी रखेंगे। इसके अलावा, कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आंध्र प्रदेश में भाजपा को कुछ सीटें मिलेंगी लेकिन तेलंगाना, कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में कांग्रेस को बढ़त हासिल है।

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, पीएम मोदी चाहे जो भी कहें, देश की जनता ने तय कर लिया है कि वे पीएम मोदी के नेतृत्व को स्वीकार नहीं करेंगे। इस चुनाव में महंगाई और बेरोजगारी ने काम किया है। संविधान और लोकतंत्र का मुद्दा भी लोगों के दिमाग में है। आंध्र में उन्हें (बीजेपी को) कुछ सीटें मिलेंगी, लेकिन तेलंगाना, कर्नाटक और महाराष्ट्र में कांग्रेस को बढ़त हासिल है। यूपी में भी गठबंधन की वजह से हमें ज्यादा सीटें मिलेंगी। मुझे लगता है कि गठबंधन की सरकार बनेगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में पुनर्मतदान कराने वाली याचिका की खारिज

**नई दिल्ली/पटना (एजेंसी)।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार के मुंगेर संसदीय क्षेत्र में कथित तौर पर कई मतदान केंद्रों पर कब्जे और कमजोर वर्ग के लोगों को मतदान नहीं करने देने का आरोप लगाते हुए उन जगहों पर पुनर्मतदान का निर्देश चुनाव आयोग को देने की मांग वाली एक याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की अवकाशकालीन पीठ ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए इसे खारिज करने का आदेश पारित किया। पीठ ने इस मामले में याचिकाकर्ता कुमारी अनीता की ओर से पहले पटना उच्च न्यायालय से अपनी फरियाद करने का विकल्प नहीं अपनाने पर आपत्ति जतायी न्यायमूर्ति शर्मा की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाए बिना आप



उसे दोषी ठहरा रहे हैं। कृपया वहां (उच्च न्यायालय) जाएं। शीर्ष अदालत के इस रुख के बाद याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस लेने की गुहार लगाई, जो स्वीकार कर ली गई। पीठ ने अपने आदेश में कहा, वर्तमान याचिका वापस लिए जाने के कारण खारिज की जाती है। याचिका में राज्य (बिहार) के संबंधित अधिकारियों और वहां की सत्तारूढ़ पार्टी के इशारे पर कई मतदान केंद्रों पर कब्जा कर मतदान में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए मुंगेर के जिला चुनाव अधिकारी डॉ. अवनीश कुमार सिंह को सभी प्रशासनिक जिम्मेदारियों से तत्काल हटाने का निर्देश देने की भी गुहार लगाई गई थी।

# 2 जून को जाऊंगा जेल, मेरा मनोबल तोड़ने की और कोशिश होगी, पर मैं झुकूंगा नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि वह दो जून को आत्मसमर्पण करेंगे और अगर जेल में उन्हें प्रताड़ित किया गया तब भी वह झुकेंगे नहीं। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक को उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा चुनावों में प्रचार के लिए एक जून तक अंतरिम जमानत प्रदान की थी।

जेल से रिहा होने के बाद केजरीवाल ने उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली और महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार किया था। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा, मुझे दो जून को आत्मसमर्पण करना है और मुझे नहीं पता कि इस बार मैं कितने दिन जेल में रहूंगा। मैं इस देश को तानाशाही से बचाने के लिए



जेल जा रहा हूं और मुझे इस पर गर्व है। केजरीवाल ने कहा, उन्होंने मुझे (मनोबल) तोड़ने की कोशिश की। जब मैं जेल में था तब मेरी दवाई रोक दी गई। गिरफ्तार किये जाने के बाद मेरा वजन छह किलोग्राम कम हो गया। जब मुझे गिरफ्तार किया गया तो मेरा वजन 70 किलोग्राम था। जेल से बाहर आने के बाद भी मेरा वजन नहीं बढ़ा। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों ने उन्हें कई टेस्ट कराने की सलाह दी है और उन्हें लगता है कि यह किसी बीमारी का संकेत हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह रविवार अपराह्न करीब तीन बजे अपने आवास से निकलकर तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण करेंगे। केजरीवाल ने कहा, वे मुझे और परेशान करने की कोशिश करेंगे लेकिन मैं झुकूंगा नहीं। जेल वापस जाने के बाद मुझे आपकी (लोगों की) चिंता होगी। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि आपकी सेवाएं बंद नहीं होंगी। मैं जल्द ही अपनी माताओं और बहनों को एक हजार रुपये देना शुरू करूंगा। केजरीवाल महिलाओं के लिए 1,000 रुपये महीना सम्मान राशि देने की योजना का जिक्र कर रहे थे। केजरीवाल ने लोगों से उनकी मां के लिए प्रार्थना करने को भी कहा।

## जियो सिनेमा पर आईपीएल की दर्शक संख्या में 53 प्रतिशत का उछाल

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रिलायंस के स्वामित्व वाले ओटीटी मंच जियो सिनेमा पर आईपीएल टूर्नामेंट के मुकाबले देखने वाले दर्शकों की कुल संख्या 53 प्रतिशत उछलकर 2,600 करोड़ हो गई। टाटा आईपीएल मैचों के डिजिटल प्रसारण का अधिकार जियो सिनेमा के पास है। दो महीने तक चला यह टूर्नामेंट 26 मई को समाप्त हुआ है। जियो सिनेमा ने एक बयान में कहा कि आईपीएल के इस सत्र में रिकॉर्ड 35,000 करोड़ मिनट 'वॉच-टाइम' दर्ज किया गया है। इस दौरान प्रति दर्शक औसत समय पिछले सत्र के 60 मिनट से बढ़कर 75 मिनट तक पहुंच गया। जियो सिनेमा ने कहा, पहले मैच में अभूतपूर्व दर्शक संख्या मिलने के बाद इसे आगे भी कायम रखते हुए लगभग 38 प्रतिशत वृद्धि हुई। सत्र का समापन लगभग 62 करोड़ दर्शक संख्या के साथ हुआ। इस सत्र में जियो सिनेमा के पास रिकॉर्ड 28 प्रायोजक और 1,400 से ज्यादा विज्ञापनदाता थे। रिलायंस-समर्थित वायकॉम18 ने जून, 2022 में 20,500 करोड़ रुपये मेंआईपीएल के डिजिटल प्रसारण अधिकार हासिल किए थे। भारतीय उपमहाद्वीप के लिए टेलीविजन प्रसारण अधिकार डिज्नी स्टार के पास हैं। इसका आंकड़ा अभी नहीं आया है।

## नेपाली क्रिकेटर संदीप लामेछाने को नहीं मिला यूएसए का वीजा


**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले नेपाल क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, संदीप लामिछाने को यूएसए ने वीजा देने से इनकार कर दिया है। जिसके बाद हजारों नेपाली क्रिकेट फैंस ने काठमांडू की सड़कों पर अमेरिका के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है। इस मेगा इवेंट में संदीप के प्रभाव को देखते हुए नेपाल के क्रिकेट फैंस सड़कों पर उतर आए हैं और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। फैंस ने बड़े-बड़े बैनर पकड़े हुए थे, जिन पर लिखा था कि, संदीप लामिछाने के लिए वीजा। वे चाहते हैं कि अमेरिकी सरकार स्पिनर को वीजा दे। बता दें कि, कुछ दिन पहले संदीप लामिछाने को रेप केस में कोर्ट से क्लीन चिट मिली थी। ऐसे में नेपाल क्रिकेट बोर्ड ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए 15 के बजाय केवल 14 खिलाड़ी ही स्क्वॉड में शामिल किए थे। इस संबंध में चनय समिति के सदस्य दीपेंद्र चौथरी का कहना था कि उन्होंने वर्ल्ड कप के लिए केवल 14 प्लेयर्स का स्क्वॉड घोषित किया और संदीप लामिछाने के इंतजार के लिए आईसीसी ने भी हामी भर दी थी।

## टी20 वर्ल्ड कप से पहले आईसीसी रैंकिंग में छठे पायदान पर पहुंचे यशस्वी जायसवाल

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी के लिए अमेरिका और वेस्टइंडीज तैयार है। इस टूर्नामेंट का आगाज 2 जून से हो रहा है। वहीं, रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम अपने वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत आयरलैंड के खिलाफ 5 जून को करेगी। इसके बाद भारत और पाकिस्तान की टीमें 9 जून को आमने-सामने होगी। बहरहाल, इस टूर्नामेंट से पहले टीम इंडिया के लिए अच्छी खबर है। दरअसल, भारतीय टीम के ओपनर यशस्वी जायसवाल ने आईसीसी रैंकिंग्स में बड़ी छलांग लगाई है। यशस्वी आईसीसी टी20 रैंकिंग्स में छठे पायदान पर पहुंच गए हैं। हालांकि, भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पहले नंबर पर बने हुए हैं। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के ओपनर ट्रेविस हेड को आईसीसी रैंकिंग्स में बड़ा फायदा मिला है। दरअसल, ट्रेविस हेड रैंकिंग में 16वें नंबर पर काबिज हैं। साथ ही वेस्टइंडीज के जॉनसन चार्ल्स और ऑस्ट्रेलिया के टिम डेविड की रैंकिंग में सुधा हुआ है। भारतीय टीम के ताबड़तोड़ फिनिशर रिंकू सिंह और आईसीसी टी20 रैंकिंग्स में 32वें नंबर पर काबिज है। वहीं आईसीसी टी20 रैंकिंग्स में भारतीय टीम पहले नंबर काबिज है। इसे अलावा ऑस्ट्रेलिया 257 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर है। टीम इंडिया के 264 रेटिंग प्वाइंट्स हैं। इस तरह भारत और ऑस्ट्रेलिया के 7 रेटिंग प्वॉइंट्स का अंतर है।

# रोहित और पंड्या ने किया जोरदार अभ्यास, भारत ने तीन घंटे नेट पर बहाया पसीना

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय टीम 1 जून को बांग्लादेश के खिलाफ वॉर्म-अप मैच खेलने के लिए तैयार हैं। न्यूयॉर्क में भारतीय टीम ने मैच से एक दिन पहले लंबा अभ्यास सत्र किया, जिसमें रोहित शर्मा ने बल्लेबाजी की और ऋषभ पंत भी विकेटकीपिंग को तराशते हुए नजर आए। इस बीच, खास बात ये रही कि गेंदबाजों को भी बल्ला थामे नेट पर देखा गया। भारतीय टीम ने मैच से एक दिन पूरे 3 घंटे तक अभ्यास सत्र किया। इस दौरान सबसे पहल कौचिंग प्रेक्टिस की गई। ऋषभ पंत विकेटों के पीछे अभ्यास करते हुए नजर आए। वहीं, नेट पर सबसे पहले सूर्याकुमार यादव को समय दिया गया। सूर्या के बाद सीधे युजवेंद्र चहल और जसप्रीत बुमराह के हाथ में बल्ला थमाया गया। दोनों गेंदबाजों ने काफी देर तक बल्लेबाज अभ्यास किया। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारतीय टीम बल्लेबाज में गहराई





लाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। न्यूयॉर्क में ड्रॉप इन पिचों पर काफी उछाल मिलने की संभावनाएं प्रबल हैं। इस बीच, भारतीय कप्तान ने अभ्यास सत्र में ज्यादा समय पेस गेंदबाज के साथ बिताया। उन्होंने आवेश खान, शिवम दुबे, खलील अहमद की गेंदों पर अभ्यास किया। हालांकि, कुछ समय रविंद्र जडेजा और चहल की स्पिन के साथ भी बिताया।

अभ्यास सत्र के बीच रोहित शर्मा और शिवम दुबे आपस में बातचीत करते हुए नजर आए। पंड्या ने कुछ समय बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर के साथ बिताया और नेट पर काफी लंबा अभ्यास किया। उधर, यशस्वी जायसवाल खास तौर से पुल शॉट और कवर ड्राइव लगाते हुए नजर आए। जडेजा, अक्षर पटेल, रिंकू और शुभमन गिल ने भी नेट पर बल्लेबाजी अभ्यास किया।

## न्यूयॉर्क में टीम इंडिया को नहीं मिल रहे प्रैक्टिस के पूरे इंतजाम, रोहित-द्रविड़ ने जताई नाराजगी



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत होने में अब बस एक दिन शेष है, इससे पहले मेगा इवेंट के लिए भारतीय टीम ने अपने पहले अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। हालांकि, कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा न्यूयॉर्क के कैंटियाग पार्क में आयोजित किए गए इस अभ्यास सत्र में टीम को दी गई सुविधाओं से खुश नहीं हैं। रोहित शर्मा एंड कंपनी बुधवार दोपहर को नेट सत्र के लिए एकत्र हुई और अस्थायी स्थल पर उपलब्ध 6 ड्रॉप-इन पिचों में से तीन का इस्तेमाल किया। अभ्यास सत्र से जुड़े एक करीबी सूत्र ने न्यूज 18 से कहा कि, पिचों से लेकर अन्य सुविधाओं तक सब कुछ अस्थायी है। ये कहना चाहिए कि यहां सब कुछ बहुत औसत है। टीम ने अपनी चिंताओं को उठाया है। हालांकि, आईसीसी ने किसी भी टीम द्वारा कैंटियाग पार्क में अभ्यास सुविधाओं के संबंध में कोई शिकायत या चिंता व्यक्त नहीं की गई है। रिपोर्ट के अनुसार सुविधाओं के अलावा कार्यक्रम स्थल पर भोजन की व्यवस्थान भी उचित नहीं थी। कवर कर रहे पत्रकारों को डिब्बों में खाना परोसा गया और खिलाड़ी भी खुश नहीं थे। बीसीसीआई की ओर से भी खान की चिंता जताई गई। भारत अपना एकमात्र अभ्यास मैच 1 जून को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा और तब तक कैंटियाग पार्क में मिल रही सुविधाओं का इस्तेमाल करेगा। उसके बाद भी यही टीम इंडिया के लिए एकमात्र ट्रेनिंग शिविर स्थल होगा क्योंकि टीम को कनाडा के खिलाफ आखिरी गे के लिए फ्लोरिडा जाने से पहले अपना चार ग्रुप मैचों में से तीन पाकिस्तान, अमेरिका और आयरलैंड के खिलाफ न्यूयॉर्क में ही खेलने हैं।

### पूरन, पॉवेल के अर्धशतकों से वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया को हराया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पोर्ट आफ स्पेन। निकोलस पूरन और रोवमैन पॉवेल के अर्धशतकों की मदद से वेस्टइंडीज ने नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रही आस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप से पहले अभ्यास मैच में 35 रन से हराया। आस्ट्रेलिया ने नामीबिया के साथ पहले अभ्यास मैच के बाद एक बार फिर नौ खिलाड़ियों को ही उतारा। चयनकर्ता जॉर्ज बेली और कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने फील्डिंग के दौरान ही पूरी टीम उतारी। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने पूरन के 25 गेंद में 75 रन (पांच चौके, आठ छक्के) और कप्तान पॉवेल के 25 गेंद में 52 रन (चार चौके, चार छक्के) की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 257 रन बनाये। शेरफान रदरफोर्ड ने 18 गेंद में नाबाद 47 रन बनाये। जवाब में आस्ट्रेलिया के लिये जोश इंगलिस ने 30 गेंद में 55 रन और नाथन एलिस ने 22 गेंद में 39 रन की पारी खेली। आस्ट्रेलियाई टीम सात विकेट पर 222 रन ही बना सकी। आस्ट्रेलिया को कप्तान पैट कमिंस, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, कैमरन ग्रीन और ट्रेविस हेड की कमी खली जो अभी तक आईपीएल खत्म होने के बाद यहां पहुंचे नहीं हैं। अन्य मैच में नामीबिया ने पापुआ न्यू गिनी को डकवर्थ लुईस प्रणाली से तीन रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पापुआ न्यू गिनी की टीम सात विकेट प 109 रन ही बना सकी। नामीबिया ने 16 . 5 ओवर में छह विकेट पर 93 रन बना लिये थे जब बारिश शुरू हुई।

### हमारा रिश्ता लोगों को मसाला...
## विराट कोहली के साथ रिश्ते पर बोले गौतम गंभीर



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केकेआर के मेंटॉर गौतम गंभीर ने विराट कोहली के साथ अपने रिश्ते को लेकर बड़ा बयान दिया है। आईपीएल 2024 में गंभीर नए रोल में नजर आए थे। केकेआर ने सीजन शुरू होने से पहले उन्हें टीम का मेंटॉर बनाया था। अपने पहले ही कार्यकाल में उन्होंने कोलकाता को चैंपियन बना दिया। आईपीएल के 17वें सीजन में एक मैच के दौरान विराट कोहली और गौतम गंभीर की मुलाकात ने काफी सुर्खियां बटोरी थी। दोनों मैच के दौरान मैदान के बीच में गले मिले थे, जिसे देखकर हर कोई थोड़ा हैरान रह गया था, क्योंकि पिछले कुछ समय से दोनों के बीच मनमुटाव था। कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2024 के फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर तीसरी बार खिताब अपने नाम किया। ट्रॉफी जीतने के बाद गौतम गंभीर ने स्पोर्ट्सकीड़ा से बातचीत में कहा कि, मेरा विराट कोहली के साथ रिश्ता ऐसा है जिसे इस देश को जानने की जरूरत नहीं है। उसे भी उतना ही अधिकार है जितना मुझे है कि वह अपनी बात रखे और अपनी -अपनी टीमों को जीत दिलाने में मदद करे। हमारा रिश्ता लोगों को मसाला देने का नहीं है। आईपीएल 2023 में कोहली और गौतम गंभीर के बीच काफी बहस हुई थी। नवीन उल हक के साथ हुई नोकझोक बड़ा मुद्दा बन गई थी। मैच के बाद मैदान पर दोनों टीमों के खिलाड़ी बीच बचाव करते हुए नजर आए। इस दौरान गंभीर और कोहली के बीच काफी तीखी बहस हुई थी। जिसके बाद कयास लगाए कि शायद इनके बीच अनबन खत्म नहीं होगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और दोनों ने इस सीजन एक दूसरे के लिए सम्मान दिखाया। गौतम गंभीर जल्द ही भारतीय टीम में नए रोल में नजर आ सकते हैं।

## ऋषभ पंत या संजू सैमसन? किसे मिलेगा टी20 वर्ल्ड कप प्लेइंग इलेवन में मौका





**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय स्क्वॉड में इस बार संजू सैमसन और ऋषभ पंत दोनों को ही मौका मिला है। जिसे लेकर आने वाले समय में कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ के लिए परेशानी हो सकती है। वहीं फैंस के बीच भी एक ही सवाल उठ रहा है कि, टी20 वर्ल्ड कप प्लेइंग इलेवन में दोनों विकेटकीपर में से किसे मौका मिलेगा। 18 महीने बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाले ऋषभ पंत ने आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। जिस कारण उन्हें टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय स्क्वॉड में शामिल किया गया है। वहीं दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन का प्रदर्शन भी काबिले तारीफ रहा। हालांकि, टी20 इंटरनेशनल में अगर दोनों विकेटकीपरों के प्रदर्शन की बात करें तो पंत संजू पर भारी पड़ते हैं। पंत ने टी20 में अभी तक 56 पारियों में 987 रन बनाए हैं। जबकि संजू सैमसन ने टी20 की 22 पारियों में अभी तक 374 रन बनाए। इन आकंड़ों को देखने के बाद अंदाजा लगाया जा सकता है कि टी20 वर्ल्ड कप प्लेइंग इलेवन में किसे जगह मिल सकती है। हां ये अलग बात है कि, संजू सैमसन को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पंत से ज्यादा मौके नहीं मिले। लेकिन जितने भी मौके उन्हें मिले वो उन्हें भूनाने में कामयाब नहीं हुए। जहां आईपीएल के 17वें सीजन में संजू सैमसन ने 531 रन बनाए, जिससे वहे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में 5वें स्थान पर रहे। वहीं ऋषभ पंत ने आईपीएल 2024 में एक बुरे वक्त को मात देकर वापसी की। उन्होंने इस सीजन दिल्ली कैपिटल्स के लिए 13 पारियों में 446 रन बनाए, जिससे बल्ले और दस्ताने दोनों से शानदार प्रदर्शन देखने को मिला।

# कम्पाला की झुग्गियों से टी20 विश्व कप तक लंबा सफर तय किया युगांडा के क्रिकेटरों ने

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** युगांडा की राजधानी कम्पाला में करीब 60 फीसदी आबादी झुग्गियों में रहती है और तेज गेंदबाज जुमा मियागी उनके लिये प्रेरणास्त्रोत हैं। फुटबॉल के शौकीन यहां के निवासी उनकी वजह से चाव से क्रिकेट देखते हैं और आईसीसी टी20 विश्व कप में युगांडा क्रिकेट टीम का पदार्पण उनके लिये किसी सपने से कम नहीं। मियागी कम्पाला के बाहरी इलाके में नागुरू झुग्गी बस्ती में बड़े हुए। दो साल तक युगांडा की अंडर 19 टीम के लिये खेलने के बाद अब वह एक जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में सीनियर टीम की गेंदबाजी की कमान संभालेंगे। युगांडा ने पिछले साल नवंबर में पहली बार क्रिकेट विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया।

अब तक 21 टी20 मैचों में 34 विकेट ले चुके मियागी झुग्गियों में बड़े हुए और अभी भी अपने परिवार के साथ वहीं रहते हैं। टी20 विश्व कप में शामिल सिमोन सेसाजी और रिजर्व खिलाड़ी इनोसेंट एमवेबाजे भी झुग्गी से ही निकले हैं। उनके इलाकों में पीने का साफ पानी , सीवेज की व्यवस्था नहीं थी और ना ही स्वास्थ्य सुविधायें थी। उनकी कठिनाइयों की कहानी ने युगांडा के भारतीय कोच अभय शर्मा को भी विचलित कर दिया जो टी20




विश्व कप से पहले ही टीम के साथ जुड़े हैं। ऐसा नहीं है कि शर्मा ने कभी झुग्गी बस्ती देखी नहीं है लेकिन कम्पाला की झुग्गियां मुंबई की धारावी से अलग हैं। खिलाड़ियों के साथ समय बिताकर शर्मा का उनके प्रति सम्मान कई गुना बढ गया। उन्होंने त्रिनिदाद से पीटीआई से कहा ,'' मैंने सोचा नहीं था कि वे इन हालात में रहते हैं। वे अपने कोचों का काफी सम्मान करते हैं और उन्हें लगता है कि हम उनकी जिंदगी बदल सकते हैं।''युगांडा को विश्व कप में तीन जून को पहले मैच में अफगानिस्तान से खेलना है। शर्मा ने यह भी कहा कि कीनिया की तरह के हश्र से बचने के लिये युगांडा क्रिकेट में कुछ बदलाव करने होंगे। कीनिया 2011 के बाद से आईसीसी टूर्नामेंट नहीं खेला है। शर्मा ने कहा ,'' अभी तक का अनुभव अच्छा रहा है। कुछ चीजों में बदलाव करना होगा। हमें बुनियादी ढांचा बेहतर करना होगा और अंडर 16 स्तर पर खेल शुरू करना होगा।

# अतिरिक्त मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की विकास कार्यों की समीक्षा

## विकास योजनाओं तथा कल्याणकारी योजनाओं की कमिश्नर नियमित समीक्षा करें : कंसोटिया

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** अतिरिक्त मुख्य सचिव वन जेएन कंसोटिया ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से रीवा संभाग के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि संभागीय समीक्षा बैठकें नियमित आयोजित की जाएंगी। इनमें दिए गए निर्देशों का अधिकारी समय-सीमा में पालन सुनिश्चित करें। कमिश्नर और कलेक्टर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन तथा जन कल्याणकारी योजनाओं की नियमित समीक्षा करें। कमिश्नर केन्द्रीय विभागों के कार्यों की भी नियमित समीक्षा करें। रीवा में ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाइन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके कार्यों की भी नियमित निगरानी करें। कमिश्नर और कलेक्टर नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करें। आगामी वर्षाकाल में वृक्षारोपण के लिए कार्ययोजना तैयार करें।







बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हाल ही में आयोजित बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिलों तथा तहसीलों की सीमा परिवर्तन के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत करें। सभी विकासखण्डों में स्टेडियम एवं हेलीपैड निर्माण की प्रारंभिक तैयारी कर लें। सभी जिलों में 5 से 15 जून तक जल संरक्षण के कार्य कराए जाएंगे। जिले के प्रमुख नदी, नालों तथा सरोवरों की इस अवधि में साफ-सफाई कराएं। उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण, छात्रवृत्ति वितरण तथा पेंशन योजनाओं से राशि वितरण की भी नियमित समीक्षा करें। किसी भी तरह की तकनीकी कठिनाई आने पर वरिष्ठ कार्यालयों से संपर्क कर कठिनाईयों को दूर करें। कमिश्नर ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाइन परियोजना तथा सिंगरौली में थर्मल पावर प्लांट एवं कोल परियोजनाओं की भी समीक्षा करें।

अतिरक्त मुख्य सचिव ने कहा कि गत दो संभागीय बैठकों के निर्णयों पर तेजी से अमल हुआ है। शेष लंबित बिंदुओं पर सभी अधिकारी तय समय सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर जमीन आवंटन तथा बड़ी परियोजनाओं से जुड़े अन्य कार्यों की व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्यवाही सुनिश्चित करें। जल जीवन मिशन से सिंगरौली जिले में बैढ़न एक तथा बैढ़न दो समूह नल-जल योजनाओं में आवश्यक अनुमति सात दिवस में जारी कराएं। सिंगरौली में ट्राईबल के दो अधूरे निर्माण कार्यों की राशि लोक निर्माण विभाग पीआईयू तत्काल मांग करे। कलेक्टर सतना टमस परियोजना से जिन गांवों का डिनोटिफिकेशन किया गया है उनके किसानों को समय सीमा में जमीन वापसी की कार्यवाही करें। सिंगरौली की गोड़ सिंचाई परियोजना को स्वीकृति जारी कर दी गई है। सीधी से सिंगरौली फोरलेन सड़क निर्माण का कार्य वर्तमान में बंद है इसे तत्काल शुरू कराएं। वन विभाग द्वारा तेंदूपत्ता संग्रहक परिवारों के बच्चों के लिए रीवा में छात्रावास बनाने का प्रयास कर रहा है। कलेक्टर रीवा इसके लिए उपयुक्त भूमि विभाग को आवंटित करें। बैठक में कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल ने बताया कि हास्टल निर्माण के लिए जमीन चिन्हांकित कर दी गई है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि सभी वन मण्डलाधिकारी दर्ज वन अपराधों की समीक्षा कर लें। समीक्षा के बाद वापसी योग्य प्रकरणों की जानकारी प्रस्तुत करें। वन संरक्षक इसकी नियमित समीक्षा करें। ट्राईबल विभाग द्वारा अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में छात्रावास निर्माण के प्रस्ताव पर विश्वविद्यालय ने भूमि उपलब्ध कराने की सहमति दी है। शेष कार्यवाही विभाग सुनिश्चित करे। बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर गोपाल चन्द्र डाड ने कहा कि संभागीय समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का तत्परता से पालन किया जा रहा है। ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन तथा अन्य केन्द्रीय परियोजनाओं की भी समीक्षा की जा रही है। संभाग के प्रमुख रेलवे स्टेशनों में एक जिला-एक उत्पाद योजना में चिन्हित उत्पाद रेलवे के स्टॉल में रखे जाएंगे। सतना और रीवा रेलवे स्टेशनों में वर्तमान में खुरचन की बिक्री की जा रही है।

बैठक में उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण, कानून और व्यवस्था की स्थिति, भू अर्जन के प्रकरणों के निराकरण, छात्रवृत्ति वितरण की समीक्षा की गई। कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी कक्ष से आईजी एमएस सिकरवार, डीआईजी साकेत पाण्डेय तथा सभी संभागीय अधिकारी शामिल हुए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा अन्य अधिकारी भी बैठक में शामिल रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी व्यवस्थाओं की जानकारी



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** लोकसभा चुनाव में मतदान संपन्न होने के पश्चात मतगणना का कार्य 4 जून को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सतना और मैहर जिले के प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की प्रेस कॉन्फ्रेंस में मतगणना प्रक्रिया और शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, विधि-सम्यक मतगणना संपन्न कराने के लिये किये गये प्रबंधों तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, एआरओ नीरज खरे, विकास सिंह, आरती यादव, एपी द्विवेदी, राहुल सिलाढ़िया भी उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 4 जून को प्रात: 8 बजे से मतगणना प्रारंभ की जायेगी। इनमें सबसे पहले डाक मतपत्रों की गणना होगी और इसके 30 मिनट बाद ईवीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ की जायेगी। उन्होने बताया कि विधानसभावार अलग-अलग गणना के लिये सात कक्षों में मतगणना की व्यवस्था की गई है। भारत निर्वाचन आयोग के प्राप्त अनुमोदन अनुसार विधानसभा क्षेत्र 65 मैहर और 67 रामपुर बघेलान के गणना कक्ष में 20-20 टेबिल पर ईवीएम की मतगणना होगी। अन्य सभी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 चित्रकूट, 62 रैगांव, 63 सतना, 64 नागौद और 66 अमरपाटन में 18-18 टेबिल लगाई जायेंगी।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि संपूर्ण मतगणना स्थल की सुरक्षा व्यवस्था तीन लेयर में रहेगी। जिसमें स्ट्रांग रुम की सुरक्षा सीपीएफ गणना कक्षों में सशस्त्र पुलिस बल और बाहरी घेरे में प्रवेश द्वार एवं मतगणना स्थल पर जिला पुलिस बल द्वारा सुरक्षा व्यवस्था बनाई जायेगी। मतगणना स्थल पर केवल प्राधिकृत पत्रधारी अधिकृत व्यक्ति को ही प्रवेश दिया जायेगा। मीडिया सेंटर तक प्राधिकृत पत्रधारी मीडिया पर्सन ही मोबाइल, लैपटॉप और कैमरा ले जा सकेंगे। गणना कक्षों में मोबाइल के साथ प्रवेश अथवा उपयोग सख्त प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना स्थल पर अभ्यर्थी और उनके इलेक्शन एजेंट को मोबाइल ले जाने की अनुमति होगी। लेकिन गणना कक्षों में प्रवेश करने पर मोबाइल बाहर ही जमा करा लिये जायेंगे। गणना कक्षों में प्रेक्षक के अलावा अन्य कोई भी व्यक्ति मोबाइल के साथ प्रवेश नहीं कर सकेगा।

## कलेक्टर और एसपी ने समर कैंप में पहुंचकर बढ़ाया प्रतिभागियों का उत्साह

# समर कैंप का हुआ समापन

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** शासकीय स्कूलों के समर कैंप का समापन कलेक्टर अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता की उपस्थिति में शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बगल के खेल के मैदान में संपन्न हुआ। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि गर्मी की छुट्टियों के समय सदुपयोग करते हुये बच्चों को रचनात्मकता की ओर ले जाने के लिये समर कैंप एक बेहतर प्रयास है।




समर कैंप में आयोजित होने वाली खेल सहित अन्य रचनात्मक गतिविधियां बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास करती हैं। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने समर कैंप के आयोजन को बच्चों के लिये उपयोगी बताया। शिक्षा और खेल विभाग का प्रयास सराहनीय है। समापन अवसर पर समर कैंप में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को टी-शर्ट एवं ट्रैकसूट प्रदान किया गया। इस मौके पर संभागीय खेल अधिकारी एमके धौलपुरी, सहायक संचालक श्याम किशोर द्विवेदी, खेल प्रशिक्षक मीना त्रिपाठी, संतोष सिंह, धीरेंद्र सिंह, राजेश पांडेय, पीटीआई बाबूलाल, संदीप टंडन, शैलेंद्र शर्मा, रमा उइके सहित युवा खिलाड़ी उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन में 1 मई 2024 से 31 मई 2024 तक जिले के शासकीय विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग करने के उद्देश्य से बड़े शहरों के नामी-गिरामी प्राईवेट विद्यालयों में आयोजित होने वाले समर कैंप की तर्ज पर शासकीय विद्यालयों में भी समर कैंप का आयोजन किया गया।

जिसमें विद्यालयीन छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों ने भी बड़े ही उत्साह के साथ कैंप की गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर सहभागिता निभाई। इस दौरान सभी विद्यालयों में प्रशिक्षकों के द्वारा विद्यालयीन बच्चों का विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सर्वांगीण विकास करने के साथ-साथ उनका मनोरंजन भी किया गया। जिससे बच्चे विभिन्न सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी दक्ष हो सकें। समर कैंप के आयोजन के दौरान वॉलीबॉल, कबड्डी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, कराते, वुशु, हैंडबॉल खेल की गतिविधियां आयोजित की गई है। इसके अलावा पेंटिंग, योगा, नृत्य सहित अन्य खेलो के माध्यम से बच्चों का शारीरिक विकास और मनोरंजन किया गया।

# मतगणना की तैयारियों का लिया जायजा

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना संसदीय क्षेत्र के लिये मतगणना की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यर्₹ म के तहत सतना और जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना 4 जून को प्रातः 8 बजे से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट ₹ मांक-1 सतना में होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने शुर₹ वार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मतगणना स्थल पहुँचकर मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया। तैयारियों की समीक्षा करते हुये अधिकारियों से कहा कि मतगणना की तैयारियों के लिये अब कुछ ही दिनों का समय शेष हैं। ऐसे में सभी व्यवस्थाओं को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत अंतिम रूप दें। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा मतगणना की व्यवस्थाओं से जुड़े अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने व्यंकट क्रमांक-1 विद्यालय सतना में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार बनाए गए मतगणना कक्षों में जाकर टेबिलों के अरेंजमेंट और कक्षों में प्रवेश व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने ईवीएम व डाक मत पत्र गिनने के लिये लगाईं गई टेबल, स्ट्राँग रूम से मतगणना कक्ष तक ईवीएम पहुँचाने के लिये बनाए गए अलग-अलग कॉरीडोर, प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं की बैठक व्यवस्था व मतगणना परिसर में प्रवेश की व्यवस्था तथा मीडिया सेंटर सहित मतगणना से संबंधित सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।

# सात गणना कक्षों में होगी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना

## स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सतना की मतगणना का कार्य 4 जून को प्रात: 8 बजे से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में प्रारंभ किया जायेगा। लोकसभा क्षेत्र में शामिल 7 विधानसभा क्षेत्रवार बनाये गये सात गणना कक्षों में मतगणना का कार्य एक साथ शुरू होगा। सबसे पहले डाक मतपत्र की गणना प्रारंभ की जायेगी। इसके 30 मिनट बाद ईवीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी। इस आशय की जानकारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में दी गई। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, एआरओ नीरज खरे, राहुल सिलाढ़िया, आरती यादव, एपी द्विवेदी सहित लोकसभा निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थी और उनके इलेक्शन एजेंट उपस्थित थे।



जिला निर्वाचन अधिकारी वर्मा ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार मतगणना प्रक्रिया शांतिपूर्ण, मतगणना के लिये किये गये आवश्यक प्रबंध, मतों की गोपनीयता और ईवीएम की सुरक्षा के प्रबंध, मतगणना स्थल पर चिकित्सा, आवागमन, पार्किंग, प्रवेश, चक्रवार ईवीएम की गणना, ईटीपीबीएस, डाक मतपत्रों की गणना, पेयजल, कूलर, हवा एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के लिए किये गये प्रबंधों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के अनुमोदन के अनुसार विधानसभा क्षेत्र मैहर और रामपुर बघेलान में 20-20 टेबल तथा अन्य 5 विधानसभा क्षेत्र में 18-18 टेबल पर ईवीएम की गणना होगी। लोकसभा क्षेत्र के लिए प्राप्त ईटीपीबीएस और पोस्टल बैलेट की मतगणना सतना विधानसभा क्षेत्र के गणना कक्ष में पांच टेबलों पर अलग से की जायेगी। प्रत्येक गणना कक्ष, ईवीएम के आवागमन का मार्ग तथा संपूर्ण परिसर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेगा। उन्होंने कहा की गणना कक्षों में प्रत्येक टेबल पर बैठने वाले एजेण्टों की सूची और फोटोग्राफ्स निर्धारित प्रारूप में 1 जून की शाम 5 बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें, ताकि उनके प्रवेश प्राधिकार पत्र जारी किये जा सकें। स्ट्रांग रूम प्रात: 6 बजे खोला जायेगा। गणना कक्षों में बैठने वाले एजेंट प्रात: 6 बजे उपस्थित होकर मतगणना प्रारंभ होने से पूर्व अपना निर्धारित स्थान ग्रहण कर लें। काउंटिंग शुरू होने से पहले सभी गणना एजेंटों को मतों की गोपनीयता बनाये रखने की शपथ लेनी होगी। सभी अभ्यर्थियों के एजेंट का प्रशिक्षण 2 जून को सेमरिया चौक के टाउन हॉल में प्रात: 11 बजे से आयोजित होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना के दौरान किन्हीं पांच वीवीपैट की रेंडम लॉटरी से चयन कर पर्ची की गिनती भी सुरक्षित रूप से बने काउंटर पर की जायेगी। सभी गणना कक्षों में चक्रवार मतगणना परिणाम प्रदर्शित करने प्रदर्शन बोर्ड रहेगा। इसके साथ ही मीडिया कक्ष में भी चक्रवार परिणाम प्रदर्शन का बोर्ड प्रदर्शित किया जायेगा। स्ट्रांग रूम से गणना कक्षों तक ईवीएम ले जाने और लाने मैहर, रामपुर बघेलान में 10-10 और अन्य विधानसभा क्षेत्रों में 9-9 लोग लगाये गये हैं। जो कलर कोडिंग में रहेंगे। मीडिया सेंटर से 5-5 मीडिया पर्सन के ग्रुपों को एस्कॉर्ट ऑफिसर के साथ गणना कक्षों में भ्रमण कराया जायेगा। मीडिया कर्मी गणना कक्षों में मोबाइल नहीं ले जायेंगे। डाक मतपत्र और ईवीएम की डिस्प्ले बोर्ड का फोटो मीडिया कर्मी कैमरे से नहीं खींचेंगे। ईटीपीबीएस की स्कैनिंग कार्य के लिए अलग कक्ष में सात टेबल लगाई गई हैं। अभ्यर्थी यहां के लिए भी अपने गणना एजेंट नियुक्त कर सकेंगे। सभी अभ्यर्थियों एवं गणना एजेंटों से भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुये शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, विधि-सम्यक मतगणना कार्य में सहयोग करने की अपेक्षा की गई है।

# दुष्कर्मी को उम्रकैद की सजा

## नाबालिग का रेप कर वीडियो बनाए, इंटरनेट पर अपलोड कर लोगों को भेजे लिंक





**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** नाबालिग छात्रा से रेप कर और वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करने के मामले में आरोपी को नागौद के प्रथम सत्र न्यायालय ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। आरोपी पर अलग - अलग धाराओं के तहत 1 लाख 35 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया गया है।

**ये है मामला:** सहायक अभियोजन प्रवक्ता विनोद प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़िता इस घटना का शिकार तब हुई थी जब वह दसवीं कक्षा में पढ़ती थी। वह अपने पड़ोसी के घर में रहने वाली अपनी एक सहेली के साथ खेलने जाया करती थी। इसी दौरान उसकी दोस्ती बाहर रह कर कमाने - खाने वाले आरोपी आशीष बारी से हो गई। दोनों के बीच फोन पर बातचीत भी होने लगी। सितंबर 2018 में पीड़िता के गांव आया और उसने पीड़िता को मिलने के लिए बुलाया। इस मुलाकात के दौरान आरोपी ने जबरदस्ती उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए फिर कुछ दिन बाद आरोपी वापस बाहर चला गया।

कुछ दिन बाद आरोपी ने वीडियो कॉलिंग कर पीड़िता से कपड़े उतारने को कहा। पीड़िता ने मना किया तो आरोपी ने उसे यह कहते हुए धमकाया कि उसके पास पीड़िता के अश्लील वीडियो हैं जिन्हें वह उसके भाई को भेज देगा। डर के कारण उसने वीडियो कॉलिंग में अपने कपड़े उतार दिए। इस दौरान आरोपी आशीष ने भी अपने कपड़े उतार रखे थे। इसकी भी आरोपी ने रिकॉर्डिंग कर ली। इसके बाद यह सिलसिला चलता रहा, आरोपी पीड़िता को धमका कर वीडियो कॉल में उसके कपड़े उतरवाता रहा और रिकार्डिंग करता रहा। जब वह पीड़िता के गांव आता तो वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म भी करता रहा।

परेशान होकर पीड़िता ने जब आरोपी से बातचीत करना बंद कर दिया तो आरोपी ने अश्लील वीडियो इंटरनेट पर अपलोड कर दिए और उसके लिंक तमाम लोगों को भेज दिए। पीड़िता ने यह सब अपने घर वालों से छिपाए रखा लेकिन जब वीडियो गांव वालों तक पहुंचा तो घर वालों को भी जानकारी हो गई। परिजनों ने पीड़िता से पूछा तो उसने आपबीती सुनाई जिसके बाद नागौद थाना में शिकायत दर्ज कराई गई।

**इन धाराओं में हुई कार्रवाई:** प्रथम अपर सत्र न्यायालय नागौद के न्यायाधीश सचिन शर्मा ने थाना नागौद के अपराध क्रमांक 504҆2021 राज्य बनाम आशीष बारी पिता मदन गोपाल बारी (32) निवासी ग्राम रहिकवारा थाना नागौद, जिला सतना को दुष्कर्म और ब्लैक मेलिंग के मामले में दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी को आईपीसी की धारा 376, पॉक्सो एक्ट की धारा 3 सहपठित धारा 4(2) में आजीवन कारावास (शेष प्राकृत जीवनकाल) सहित 50 हजार रुपए, पॉक्सो एक्ट की धारा 5(एल) सहपठित धारा 6 में 20 वर्ष सश्रम कारावास सहित 50 हजार रुपए, पॉक्सो एक्ट की धारा 13҆14 में 05 वर्ष सश्रम कारावास सहित 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियुक्त को आईटी एक्ट 2000 की धारा 66-ई में 03 वर्ष सश्रम कारावास सहित 5 हजार रुपए, आईटी एक्ट 2000 की धारा 67- ए में 05 वर्ष सश्रम कारावास सहित 10 हजार रुपए,एवं आईटी एक्ट 2000 की धारा 67-बी में भी दोषी करार देते हुए 5 वर्ष सश्रम कारावास सहित 10 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। मामले में मध्यप्रदेश राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक विनोद प्रताप सिंह ने की।

# पानी-बिजली की समस्या को लेकर पार्षद ने जताया अनोखा विरोध

## फिल्टर प्लांट में नहाया, बोले - जनता भी यहीं नहाएगी

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** शहर के तमाम वार्डों के मोहल्लों में गहराए जल संकट ने जनता को परेशानी में डाल रखा है। हालात कुछ ऐसे हैं कि जनता का आक्रोश तो भड़क ही रहा है पार्षदों के सब्र का बांध भी अब टूटता जा रहा है। इन स्थितियों के बीच वार्ड 3 के पार्षद ने फिल्टर प्लांट पहुंच कर अनोखे ढंग से विरोध जताया। नगर निगम के वार्ड 3 बगहा के पार्षद अभिषेक तिवारी अंशू ने शहर और वार्ड में व्याप्त जल संकट का प्रतीकात्मक रूप से विरोध जताया। पार्षद अभिषेक ने वहीं ब्रश किया और वहीं स्नान भी किया। उनके साथ वार्ड 8 व 9 के पार्षद तथा बड़ी संख्या में वार्डों की जनता भी मौजूद रही। पार्षद अभिषेक ने कहा कि उनके तथा कई अन्य पार्षदों के वार्ड में पिछले कई दिनों से पानी की सप्लाई नहीं हो रही।

कहीं कई- कई दिन बाद थोड़ा बहुत पानी आ रहा है। कहीं बूंद-बूंद का इंतजार लोगों को संकट में डाले हुए है। जनता हम पार्षदों के पास आ रही है लेकिन निगम के अधिकारियों को बार-बार कहे जाने के बाद भी न तो पानी सप्लाई की व्यवस्था सुधर रही और न ही टैंकरों से ही पानी भेजने का इंतजाम किया जा रहा। ऐसे में मजबूर हो कर प्रतीकात्मक विरोध जताने और जिम्मेदारों का ध्यानाकर्षण कराने फिल्टर प्लांट आना पड़ा है। अगर अब भी हालात न बदले तो वार्डों की जनता भी फिल्टर प्लांट आएगी और यहीं निस्तार करेगी-नहाएगी।

पार्षद अभिषेक तिवारी ने कहा कि पूर्व का वर्षो में जल संकट के दौर में टैंकरों के जरिये पानी की आपूर्ति की जाती थी लेकिन इस समय 50 टैंकर खड़े होने के बावजूद उनसे पानी नहीं भेजा जा रहा। अधिकारी कितने गंभीर हैं इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है। 50 टैंकरों के मुकाबले पीएचई में ट्रैक्टर और ड्राइवर सिर्फदो-दो ही हैं। यही नहीं दो डीजी सेट भी आ कर पड़े हुए हैं लेकिन उन्हें अधिकारियों की लापरवाही के चलते चालू नही कराया जा सका है। जबकि आए दिन बिजली को कारण बता कर पानी की सप्लाई नहीं की जाती।

**सड़क-पानी और बिजली ने रुलाया:** सतना शहर में इनदिनों न चलने के लिए सड़क बची है न पीने के लिए पानी उपलब्ध हो पा रहा है। भीषण गर्मी के दौर में बिजली सप्लाई भी पटरी से उतर चुकी है। सड़क- पानी - बिजली ने लोगों को रुला रखा है। गौरतलब है कि सतना स्मार्ट सिटी में पानी की सप्लाई दुरुस्त करने के नाम पर अब तक लगभग 190 करोड़ रुपए खर्च किये जा चुके हैं। इसके बावजूद स्मार्ट सिटी सतना की जनता को नगर निगम प्रशासन दोनों वक्त निर्बाध और पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं करा पा रहा है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।